


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 9 दिसंबर 2022 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-250 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 दिसंबर 2022 ₹ 1.00


## संक्षेप

### अब मोदी मैजिक खत्म हो रहा : अधीर रंजन

**नई दिल्ली,9दिसंबर।** दो राज्य और छह विधानसभा उपचुनाव के आए नतीजे के एक दिन बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बीजेपी पर बड़ा हमला किया है चौधरी ने कहा कि अब मोदी मैजिक खत्म हो रहा है. अधीर रंजन ने कहा कि लद्दाख में चीनी सेना ने घुसपैठ की और आवास सुविधाओं के साथ 200 से अधिक आश्रय बनाए. अब हमारी सेना को दूर के क्षेत्रों में गश्त करने की अनुमति नहीं है. अगर ऐसा ही चलता रहा तो सियाचिन ग्लेशियर में स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है. यह जरूरी है कि सरकार जी20 का जिक्र करने के बजाय भारत-चीन मुद्दे (संसद में) पर चर्चा करे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आगे कहा कि मोदी जी को इस चुनाव से सबक लेना चाहिए , मोदी जी का मैजिक खत्म हो रहा है. उन्होंने आगे कहा कि तीन चुनाव लडे, एक में जीते है. गुजरात में घर घर गए, इतने विकासशील होने के बावजूद घर घर क्यों गए? साम्प्रदयिक ध्रुवीकरण करना पड़ा. मोदी जी का मैजिक उनसे दूर जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अग्निवीर को ऐसे दिखाया तो अब हिमाचल में क्या हुआ? राहुल जी से इनकी मुकाबला 2024 में होगा. मोदी जी चाहते है वो हिंदुस्तान में गुरु बने बाकि सब चेला बने. उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी राहुल गाँधी से डरते है. क्योंकि कोई सर उठा के अगर बात करता है तो वो है हमारे नेता राहुल गाँधी है।

### पत्नी के पेट पर मारा मुक्का गर्भस्थ शिशु की मौत

**रायपुर,9 दिसंबर।** राजधानी रायपुर में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक पति ने अपनी गर्भवती पत्नी के पेट पर मुक्का मार दिया था। इससे पेट में ही शिशु की मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी पत्नी को तड़पता हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पूरा मामला तेलीबांधा इलाके के बीएसयूपी कॉलोनी की है। यहां माखन कुमार नाम के व्यक्ति ने बीते 1 दिसंबर को अपनी 8 महीने की गर्भवती पत्नी के पेट पर मुका मार दिया और उसे तड़पता हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गया। पीड़िता को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। जहां पता चला कि गर्भ में ही शिशु की मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी पतासाजी शुरू कर दी है।

### छत्तीसगढ़ में पड़ रही हैं कड़ाके की ठंड

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** दिसंबर का महीना कड़ाके की ठंड के लिए ही जाना जाता है. वहीं दिसंबर लगते ही पेंड्रा इलाके में ठंड का खासा प्रभाव देखने को मिल रहा है. पेंड्रा के मैदानी और बाहरी इलाकों में सुबह ओस की बूंदे जमनी शुरू हो गई है. जो दिन निकलने तक जमी रहती है। पिछले दो तीन दिनों से प्रदेश के सरगुजा संभाग के कई जिलों में सर्दी और कड़ाके की ठंड पड़ रही है. जशपुर क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 6 से 7 डिग्री दर्ज किया गया है. छत्तीसगढ़ में मंगलवार की रात और बुधवार को दिन भर कड़ाके की ठंड महसूस की गई. उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में अधिकांश जगहों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया था. मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से ठंड बढ़ने की संभावना नहीं है, क्योंकि मंडौस तूफान के असर के कारण प्रदेश में नमी और बादल छाए रहने के आसार हैं. बस्तर रायपुर और दुर्ग संभाग के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने की संभावना हैं।

## सुपरपावर बनेगा भारत: व्हाइट हाउस




**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** दुनिया में भारत का कद लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका लगातार इस फैक्ट को स्वीकार कर रहा है। व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत अमेरिका का सहयोगी नहीं बनेगा, बल्कि खुद एक सुपरपावर बनेगा।

गुरुवार को एस्पेन सिक्योरिटी फोरम की बैठक के दौरान भारत को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस एशिया समन्वयक कर्ट कैंपबेल ने कहा कि उनके विचार में भारत 21वीं सदी में संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंध वाला देश है।

उन्होंने कहा मैं किसी भी द्विपक्षीय संबंध के बारे में नहीं जानता जो पिछले 20 वर्षों में संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की तुलना में अधिक गहरा और मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को इस दिशा में अपनी क्षमता का और भी अधिक निवेश करने की जरूरत है। साथ ही प्रौद्योगिकी और अन्य मुद्दों पर एक साथ काम करते हुए दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध बनाने की जरूरत है। कैंपबेल ने कहा, भारत का एक अद्वितीय रणनीतिक चरित्र है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका का सहयोगी नहीं होगा। इसकी एक स्वतंत्र शक्तिशाली देश बनने की इच्छा है। यह एक और सुपरपावर होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों की नौकरशाही में कई अवरोध और कई चुनौतियां हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत-अमेरिका संबंध केवल चीन को लेकर चिंता के कारण नहीं बने हैं। उन्होंने कहा, यह देशों देशों के समाजों के बीच तालमेल के महत्व की गहरी समझ है।

## कॉलेजियम बैठक का ब्योरा मांगने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली,9 दिसंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने आरटीआई के तहत एक कॉलेजियम बैठक के विवरण का खुलासा करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। याचिका में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत 12 दिसंबर, 2018 को हुई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक का विवरण मांगा गया था। याचिका खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि कॉलेजियम बैठक की चर्चा को जनता के सामने लाया नहीं किया जा सकता है, सिर्फ कॉलेजियम के अंतिम निर्णय को वेबसाइट पर अपलोड करने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि केवल



अंतिम प्रस्ताव को ही निर्णय माना जा सकता है और जिस पर भी चर्चा की जाती है, वह खासकर आरटीआई अधिनियम के तहत सार्वजनिक डोमेन में नहीं होना चाहिए।

आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की थी। भारद्वाज ने दिसंबर 2018 में हुई कॉलेजियम बैठक में उच्च न्यायालय के दो मुख्य न्यायाधीशों को पदोन्नति की सिफारिश करने के निर्णय को सार्वजनिक किए जाने की मांग की थी। भारद्वाज के अनुरोध को खारिज करते हुए, न्यायमूर्ति एमआर शाह की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि अनुवर्ती संकल्प 10 जनवरी, 2019 को पारित किया गया था, इससे पता चलता है कि 12 दिसंबर, 2018 की बैठक के दौरान कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया था।

### किन्नर समाज ने राहुल गांधी का भीमगंजमंडी में किया स्वागत

**कोटा ,9 दिसंबर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के साथ भीमगंजमंडी पहुंचने पर किन्नर समाज ने करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन कियाइस मौके पर श्री गांधी ने किन्नर समाज के लोगों का हाथ हिला कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।कर्मयोगी सेवा संस्थान के संयोजन में किन्नर प्रमुख तारा देवी राजपुरोहित के प्रतिनिधि दक्षिण किन्नर प्रमुख रीना दीदी समूह ने भीमगंजमंडी थाने के बाहर भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी का जोरदार अभिनंदन गया।

## आरक्षण विधेयक पर ऊहापोह बरकरार

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** राज्य में आरक्षण विधेयक को लेकर अब सियासत गर्म होती जा रही है। राज्यपाल ने इस विधेयक पर एक सप्ताह पश्चात भी हस्ताक्षर नहीं किए हैं। राज्य के अनुसूचित जाति और सवर्ण समाज के लोग भी इस विधेयक के विरूद्ध लामबंद हो रहे हैं। भविष्य में मुख्यमंत्री निवास का घेराव सहित अन्य आन्दोलन करने की रणनीति बनाई जा रही है। राजभवन और मुख्यमंत्री सचिवालय आरक्षण विधेयक को लेकर आमने-सामने है। विधानसभा द्वारा विधेयक पारित कर दिया गया है। संवैधानिक प्रमुख होने के नाते राज्यपाल को अब इस पर हस्ताक्षर करना है। लेकिन आज एक सप्ताह हो गया है, राज्यपाल ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। राज्यपाल ने रोस्टर लागू करने सहित अन्य विषयों पर बिंदुवार जानकारी ली है। शासन ने मनीष कुंजाम को रोस्टर समिति का प्रमुख बनाया है। मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री राजभवन के संपर्क में हैं। राज्यपाल अपने विधिक सलाहकार से रायशुमारी कर रहीं हैं। आरक्षण विधेयक को लेकर अब सतनामी समाज के लोगों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। समाज के लोगों की बैठक चल रही है। वर्तमान विधेयक में 12 प्रतिशत आरक्षण सतनामी समाज को दिया गया है। इसे बढ़ाकर 16 प्रतिशत किए जाने की मांग की जा रही है। सतनामी समाज की बैठक में तय किया गया है कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा तथा सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। इधर सवर्ण समाज ने भी 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। समाज के लोगों ने भी अब प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। राज्यपाल को ज्ञापन सौंप दिया है। राजभवन के अनुसार अभी तक राज्यपाल ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। 2 दिसम्बर को यह विधेयक पारित कर दिया गया है। इसके पश्चात इसे तत्काल राजभवन भेजा दिया गया। आरक्षण विधेयक को लेकर अब अधिवक्ता भी लामबंद हो गए हैं। वे इसे कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए आदेश का इंतजार किया जा रहा हे।

**सतनामी और सवर्ण समाज विरोध में लामबंद**

## शादी समारोह में गैस सिलेंडर फटा, 60 जले

**जयपुर,9 दिसंबर।** राजस्थान के जोधपुर में एक शादी समारोह के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट की घटना हुई है. गुरुवार को ये हादसा जोधपुर जिले के भूंगरा गांव में हुआ. जानकारी के मुताबिक इस हादसे में एक के बाद एक कर के लगभग आधा दर्जन सिलेंडर ब्लास्ट कर गये. विवाह समारोह में सिलेंडर विस्फोट की घटना में 5 दर्जन से अधिक लोगों के झुलसने की जानकारी सामने आई है. ये सभी लोग बारात रवानगी से पहले भोज के लिए सम्मिलित हुए थे तभी सिलेंडर फटने से अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया. विस्फोट में 60 से अधिक लोगों के झुलसने की जानकारी मिली है, जिनमें से 42 लोगों को जोधपुर रेफर किया गया है, यहां 11 लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ग्रामीण एसपी अनिल कयाल शेरगढ़ के भूंगरा गांव पहुंचे उसके बाद जोधपुर पहुंच कर सभी झुलसे लोगों की कुशल क्षेम लिया. शेरगढ़ थाना अधिकारी ने दो सिलेंडर के फटने की पुष्टि की है. जानकारी के अनुसार भूंगरा निवासी सगत सिंह गोगादेव के पुत्र की गुरुवार को शादी होनी है. बारात रवानगी के लिए यह सभी लोग गांव में एकत्रित हुए थे जहां भोजन से पहले सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण विस्फोट हुआ. विस्फोट इतना भयानक था कि मकान की एक छत भी धराशाई हो गई. मौके पर सिलेंडर फटने से लगी आग में वहां मौजूद 60 से अधिक लोग झुलस गए जिसमें कि महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं.



## खत्म नहीं हो रही उद्धव की मुश्किलें

**मुंबई,9 दिसंबर।** महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके परिवार की कथित आय से अधिक संपत्ति के बारे में एक शिकायत की प्रारंभिक



जांच (पीई) शुरू की है। न्यायमूर्ति डीएस ठाकुर और वाल्मीकि मेनेजेस ने इससे पहले दिन में एक जनहित याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रखने के बाद यह बयान दिया था, जिसमें ठाकरे की संपत्ति की सीबीआई और ईडी जांच की मांग की गई थी। लोक अभियोजक अरुणा पई ने उच्च न्यायालय को सूचित करते हुए बताया कि ईओडब्ल्यू द्वारा प्रारंभिक जांच पहले ही शुरू कर दी गई है। उद्धव ठाकरे और उनके परिवार के खिलाफ एक सॉफ्ट स्किल सलाहकार गौरी भिडे ने जनहित याचिका दायर की थी कि कैसे ठाकरे परिवार ने आय के आधिकारिक स्रोत के बिना भारी संपत्ति अर्जित की थी।

भिडे ने संक्षेप में तर्क दिया कि 11 जुलाई को पुलिस आयुक्त को उसकी शिकायत को ईओडब्ल्यू को भेजे जाने के बाद, कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। उद्धव और बेटे आदित्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अस्पी चिनॉय ने कहा कि भिडे की पूरी याचिका भौतिक तथ्य से परे है और विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत अनुमान पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह मानते हुए कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है, वह पुलिस को निर्देश देने के लिए एक मजिस्ट्रेट के समक्ष एक निजी शिकायत दर्ज करने की सामान्य प्रक्रिया से गुजर सकती है।

उसने केवल यह कहा कि ठाकरे द्वारा संचालित मार्मिक पत्रिका और 'सामना' अखबार का 2020-2021 के महामारी वर्ष के दौरान 45 करोड़ रुपये का कारोबार और 11.5 करोड़ रुपये का लाभ हुआ और अन्य को नहीं। चिनॉय ने पूछा कि इससे, भ्रष्टाचार या संपत्ति के विचलन का क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है? केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच का निर्देश देने के लिए उच्च न्यायालय के असाधारण अधिकार क्षेत्र को लागू करने के लिए भिडे की याचिका में कुछ भी नहीं। चिनॉय ने कहा कि याचिका ठाकरे के खिलाफ थी, ÷जिनमें से कोई भी सत्ता में नहीं है और जांच को प्रभावित करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं जिस सज्जन (उद्धव) का प्रतिनिधित्व करता हूं, वह पिछले छह महीनों से सत्ता में नहीं है... यह ऐसा मामला नहीं है जहां हम (ठाकरे) जांच को रोकने और बाधित करने के लिए प्रभावित कर सकते हैं।

## जी-20 की मेजबानी को लेकर वेबीनार में राज्यपाल उईके होंगी शामिल

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे संबोधित

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 9 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यपाल अनुसुइया उईके सहित देश के अन्य संवैधानिक प्रमुखों से विचार-विमर्श करेंगे। ज्ञात रहे भारत को जी-20 की मेजबानी मिली है। इसलिए भारत ने अब इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जी-20 के सम्मेलन की मेजबानी का निमंत्रण मिल चुका है जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। नीति आयोग अमिताभ कांत इस पूरी बैठक की रूपरेखा बना रहे हैं। उदयपुर में इसको लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सभी देशों के प्रतिनिधियों की हो चुकी है। इसमें जलवायु परिवर्तन, महामारी तथा अन्य विषयों पर चर्चा हो चुकी है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश के सभी राज्यों के राज्यपाल, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री भी इसमें भागीदार बने। जी-20 की बैठक को सफल बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। राज्यपाल अनुसुइया उईके को वेबीनार के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसमें वे बतौर श्रोता के रूप में शामिल होंगी। छत्तीसगढ़ के विभिन्न मुद्दों को लेकर वे अपना सुझाव दे सकतीं हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी इस वेबीनार में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। मुख्यमंत्री इस समय हिमाचल गए हुए हैं। यहां से वे कल आएंगे। हिमाचल में आज दोपहर एक बजे विधायक दल की बैठक होगी। मुख्यमंत्री बतौर प्रेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की निकटतम रिश्तेदार प्रतिभा सिंह मंडी से सांसद एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष हैं। उन्होंने अपनी दावेदारी जताई है।

### कानन पेंडारी से 65 नीलगाय और 19 चीतल जाएंगे अचानकमार

**बिलासपुर, 9 दिसम्बर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क से नीलगाय और चीतल को अचानकमार टाइगर रिजर्व में छोड़ा जा रहा है. गुरुवार और शुक्रवार को इनकी शिफ्टिंग का काम पूरा होगा. कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क के एसडीओ संजय लूथर ने बताया यह प्रक्रिया महीनों से चल रही थी. एनडीसीए से आदेश मिल गया है। 65 चीतल की शिफ्टिंग के बाद 19 नीलगाय को शिफ्ट किया जाएगा।

दो नीलगाय को बैकुंठपुर स्थित गुरु घासीदास नेशनल पार्क में शिफ्ट किया था। 65 चीतलों को अचानकमार टाइगर रिजर्व भेजने की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## हिमाचल में फंसा सीएम का पेंच , 6 कांग्रेसी रेस में

**शिमला,9 दिसंबर।** हिमाचल में कांग्रेस के सीएम चेहरे को लेकर पेंच फंस गया है। अब तक हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रचार समिति अध्यक्ष सुखविंदर सुक्खू फ्रंट रनर थे। अब मुकेश अग्निहोत्री, राजेंद्र राणा ठाकुर, चंद्र कुमार और धनीराम शांडिल भी रेस में आ गए हैं। सीएम चेहरे पर अंतिम फैसला आज शिमला स्थित कांग्रेस कार्यालय में लिया जाएगा। यहां दोपहर बाद विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई है। इसके लिए कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, ऑब्जर्वर भूपेश बघेल और भूपेंद्र हुड्डा शिमला पहुंच रहे हैं। उधर, विवाद की आशंका के चलते प्रियंका गांधी ने पहले ही दावेदारों की लिस्ट मंगा ली थी। उन्होंने 8 प्वाइंट्स में जानकारी मांगी थी। हालांकि, इन प्वाइंट्स के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई।

प्रतिभा की अगुवाई में ही पार्टी बहुमत से जीती- प्रतिभा





सिंह हिमाचल कांग्रेस की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं। उनकी अगुवाई में ही पार्टी बहुमत से जीती है। हाल ही में मंडी विधानसभा क्षेत्र से वह सांसद चुनी गईं। खास बात यह थी कि मंडी भाजपा सरकार में सीएम रहे जयराम ठाकुर का गृह जिला है। सुखविंदर की हाईकमान से नजदीकियां हैं- सुखविंदर छात्र जीवन से ही कांग्रेस संगठन जुड़े हैं। वह कांग्रेस की स्टूडेंट विंग एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष रहे। युवा कांग्रेस के भी अध्यक्ष रहे। इसके बाद वह सबसे लंबे समय तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहने वाले नेता भी है। उनकी हाईकमान से भी काफी नजदीकियां हैं। इस समय कांग्रेस की प्रचार समिति के सुक्खू अध्यक्ष हैं।

## कई पत्नियां रखने की इजाजत नहीं दे सकते : हिमंत बिस्व

**गुवहाटी,9 दिसंबर।** असम में मुस्लिम पुरुषों की ओर से कई पत्नियां रखे जाने का मुद्दा फिर से गर्मा गया है क्योंकि राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि उनकी पार्टी मुस्लिम पुरुषों की ओर से कई पत्नियां रखने के खिलाफ है। उधर, सरमा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को राजनीतिक बयानबाजी करने की बजाय मुस्लिम पुरुषों को पिछली पत्नियों को तलाक दिए बिना कई शादी करने से रोकने के लिए कानून लाना चाहिए।



हिमंत बिस्व सरमा ने यह बयान लोकसभा सांसद बदरुद्दीन अजमल पर तीखा हमला करते हुए दिया था। सरमा ने कहा था कि एआईयूडीएफ प्रमुख की सलाह के अनुसार महिलाएं 20-25 बच्चे पैदा कर सकती हैं लेकिन उनके भविष्य में भोजन, कपड़े और शिक्षा पर होने वाला सारा खर्च धुबरी के सांसद अजमल को उठाना होगा। मुख्यमंत्री ने मोरीगांव में एक सरकारी कार्यक्रम में कहा, स्वतंत्र भारत में रहने वाले पुरुष को (पिछली पत्नियों को तलाक दिए बिना) तीन-चार महिलाओं से विवाह करने का अधिकार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, हम ऐसी व्यवस्था को बदलना चाहते हैं। हमें मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए काम करना होगा।

सरमा ने कहा, हम सबका साथ सबका विकास चाहते हैं। अगर असम के हिंदू परिवारों से डॉक्टर बनते हैं तो मुस्लिम परिवारों से भी डॉक्टर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि कई विधायक ऐसी सलाह इसलिए नहीं देते क्योंकि उन्हें पोमुवा मुसलमानों के वोट चाहिए। हम आपको बता दें कि पूर्वी बंगाल या वर्तमान बांग्लादेश के बांग्ला भाषी मुसलमानों को बोलचाल की भाषा में असम में पोमुवा मुस्लिम कहा जाता है। महिलाओं पर अजमल की विवादास्पद टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, असम में, हमारे पास बदरुद्दीन अजमल जैसे कुछ नेता हैं। वे कहते हैं कि महिलाओं को जितने मुमकिन हो उतने बच्चों को जन्म देना चाहिए क्योंकि वह उपजाऊ भूमि हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला की प्रसव प्रक्रिया की तुलना किसी भूमि से नहीं की जा सकती है। सरमा ने कहा कि एक परिवार को उतने ही बच्चों को जन्म देना चाहिए जिन्हें वे बेहतर इंसान बनाने के लिए भोजन, कपड़े और शिक्षा प्रदान कर सकें।

उन्होंने कहा, ÷हमारी सरकार की नीति स्पष्ट है। हम स्वदेशी लोगों के लिए काम करते हैं, लेकिन हम सभी के लिए प्रगति चाहते हैं। सरमा ने कहा कि हम नहीं चाहते कि मुसलमानों के छात्र, खासकर पोमुवा मुस्लिम, मदरसों में पढ़ें और जोनाब और इमाम बनें। सरमा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार चाहती है कि सभी मुस्लिम बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए सामान्य स्कूलों और कॉलेजों में दाखिला लें। हम आपको बता दें कि बदरुद्दीन अजमल ने दो दिसंबर को एक मीडिया संस्थान को दिए साक्षात्कार में लव जिहाद पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया के रूप में महिलाओं और हिंदू पुरुषों के साथ-साथ मुख्यमंत्री सरमा पर भी टिप्पणी की थी। धुबरी के सांसद ने कथित तौर पर मुसलमानों की तरह अधिक बच्चे पैदा करने के लिए हिंदुओं को कम उम्र में शादी करने की सलाह दी थी। उधर, मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के उप नेता रकीब उल हुसैन ने कहा कि भाजपा सरकार संवेदनशील मामले को धर्म से जोड़कर राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ÷सरकार संविधान की शपथ लेती है और उसे उसके दायरे में रहकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें मुस्लिम पुरुषों को कई विवाह करने करने से रोकने के लिए कानून लाना चाहिए। लेकिन तब तक राजनीतिक बयान नहीं देना चाहिए। रकीब उल हुसैन ने यह भी दावा किया कि हिंदू धर्म सहित सभी धर्मों में कई विवाहों की अनुमति थी, लेकिन 1950 के दशक में हिंदू संहिता विधेयकों के पारित होने के बाद इस पर रोक लगाई गई है।

## भानुप्रतापुर की नवनिर्वाचित विधायक 15 के बाद लेंगी शपथ

**रायपुर, 9 दिसम्बर (मुख्य नगर संवाददाता)** भानुप्रतापपुर से नवनिर्वाचित विधायक सावित्री देवी 15 दिसम्बर के बाद विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेंगी। विधानसभा सचिवालय में आकर उन्हें अपनी जीत का सर्टिफिकेट एवं अन्य औपचारिकताएं जमा करानी होगी। लोकसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत की पत्नी कोरबा से सांसद हैं वे भी इस समय दिल्ली में हैं। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री भी अभी प्रदेश से बाहर हैं। विस सचिवालय के अनुसार 15 दिसम्बर के पश्चात ही उनका शपथ ग्रहण हो पाएगा। लेकिन इसके पहले वे विधानसभा सचिवालय में आकर जीत का सर्टिफिकेट एवं अन्य दस्तावेज जमा करेंगी। ज्ञात रहे भानुप्रतापपुर में उन्होंने अपनी शानदार जीत हासिल की है।



**विधानसभा में जीत का सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज जमा कराने होंगे**

विधानसभा सचिवालय के अनुसार विधानसभा का शीतकालीन सत्र दो जनवरी से प्रारंभ होने वाला है। इसके लिए अब नेताप्रतिपक्ष कार्यालय में प्रश्नोत्तर जमा होने शुरू हो गए हैं। विधानसभा में ईडी के मामलों की गूंज सुनाई देगी। इसके अलावा खनिज माफिया, शराब, गिरती कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा होगी।

## समाचार संक्षेप

### गरीब वृद्ध का बीपीएल राशन कार्ड बनाने के लिए निगम करेगा पहल



**रिसाली 9 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऐसे गरीब जिनकी आयु 60 पार है और राशन कार्ड नहीं बना है उनका राशन कार्ड बनाने विशेष पहल किया जाएगा। यह निर्णय रिसाली निगम के खाद्य विभाग प्रभारी सोनिया देवांगन की अध्यक्षता में हुई बैठक में ली गई। सलाहकार समिति के सदस्यों ने कहा कि राशन कार्ड बनाने में लेन देन की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने वे आयुक्त से अनुशंसा भी करेंगे। खाद्य विभाग सलाहकार समिति के सदस्यों ने कहा कि बहुत से लोग ऐसे है जिनकी आयु 60 पार हो चुकी है। वे अकेले या फिर पति-पत्नी रहते है। मजदूर कार्ड भी नहीं है। वृद्धजनों को शासन की योजना राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे हितग्राहियों का बीपीएल राशनकार्ड बनाने निगम खाद्य विभाग के अधिकारियों से बैठक कर पहल करेगा। बैठक में पार्षद सद्स्य विनय नेताम, अनिल देशमुख, रंजीता बेनुआ, शीला नारखेड़े, पार्वती, हरिशचंद्र व राशनकार्ड प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा आदि उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि बीपीएल राशनकार्ड बनाने प्रस्तुत आवेदन की जांच सूक्ष्मता से की जाए। सत्यापन कार्य करने वाले कर्मचारी इस बात को अवश्य देखे कि आवास 1000 वर्ग फीट से कम जगह पर बना है कि नहीं। मजदूर कार्ड है कि नहीं। अगर हितग्राही किराए के झोपड़े में रहता है तो उससे किरायानामा अवश्य मांगे। दस्तावेज पूर्ण होने पर ही बीपीएल राशनकार्ड बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएं।

### आपसी रंजिश के चलते पार्षद के साथ मारपीट

**भिलाई, 9 दिसंबर।** स्मृति नगर चौकी अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते पार्षद के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि 7 दिसम्बर को वार्ड-1 जुनवानी बस्ती में योगेश साहू पार्षद वार्ड-1 जुनवानी तथा प्रार्थिया के पति सतीश साहू के मध्य पुरानी रंजिश को लेकर आपस में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 काउंटर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### शिवजी अर्पण सेवा समिति ने नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों को बांटे स्वेटर और कंटोप



**भिलाई, 9 दिसंबर।** शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा दिव्य ज्योति नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों को ठंड से निजात दिलाने के उद्देश्य से सभी बच्चों को स्वेटर और कंटोप दिया गया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। उनकी प्यारी मुस्कान और आत्मसंतोष देख कर लगा कि संस्था के एक छोटे से पहल से कितने बच्चो की खुशियां बढ़ गयीं । इस पुनीत कार्य में समिति के अध्यक्ष रोहन कुमार मून, उपाध्यक्ष विनोद कौशिक, सचिव कृष्णा चौहान, संयुक्त सचिव रोमन सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, सदस्य अविनाश चंद्राकर, उज्ज्वल टंडन, योगेंद्र राव, रामा चौहान, योगेश रावत, सुधांशु कोसे, सीमा, मोनिका, गरिमा एवं समिति के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### जन समस्या निवारण शिविर में अब तक 1724 आवेदनों का हुआ निराकरण



**भिलाई, 9 दिसंबर।** नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 28 नवंबर से प्रारंभ हुए शिविर में अब तक 1724 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शिविर स्थलों में समस्याओं को लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सभी जोन आयुक्त शिविर स्थलों का निरीक्षण कर जायजा ले रहे है। वहीं अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो आवेदक से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे है। जो समस्या त्वरित रूप से हल हो सकती है उसका समाधान शीघ्र किया जा रहा है। जन समस्या निवारण शिविर में अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण, राशन कार्ड, श्रम विभाग पंजीयन मजदूर कार्ड, नया आधार कार्ड एवं सुधार, आयुष्मान कार्ड, नये पट्टा, पट्टा का नवीनीकरण, पट्टे का अवैध खरीदी-बिक्री का भूमि स्वामी हक, पेंशन प्रकरण, विद्युत संधारण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो के लिए आवेदन किया जा सकता है।

**इन स्थानों पर लगेगा शिविर :** दिनांक 12.12.2022 को वार्ड क्र. 11 फरीद नगर टाटा नगर सियान सदन, वार्ड क्र. 19 राजीव नगर राम जानकी मंदिर, वार्ड क्रं. 37 संत रविदास भवन चटाई क्वाटर केम्प-02, वार्ड क्रं. 47 राधाकृष्ण मंदिर सत्यनारायण धर्मशाला न्यू खुर्सीपार, वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 पश्चिम रेल्वे स्टेशन बस्ती, दिनांक 13.12.2022 को वार्ड क्रं. 12 रानी अवंती बाई चौक बजरंग चौक कर्मा भवन के पास, वार्ड क्रं. 19 राजीव नगर राम जानकी मंदिर, वार्ड क्रं. 37 संत रविदास भवन चटाई क्वाटर केम्प-02, वार्ड क्रं. 46 दुर्गा मंदिर मिनी माता नगर जैतखाम के पास, वार्ड क्रं. 68 सेक्टर 08 पूर्व बीएनएस स्कूल, दिनांक 14.12.2022 को वार्ड क्रं. 13 पुरानी बस्ती कोहका मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 20 वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर, वार्ड क्र. 52 शिव मंदिर सेक्टर 03, वार्ड क्रं. 50 शास्त्री नगर गणेश मैदान, वार्ड क्रं. 69 सेक्टर 09 हास्पिटल सेक्टर वरिष्ठ नागरिक मंच, दिनांक 15.12.2022 को वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन सुपेला, वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर, वार्ड क्र. 52 शिव मंदिर सेक्टर 03, वार्ड क्रं. 51 शिवाजी नगर जोन 04 कार्यालय, वार्ड क्रं. 70 शहीद कौशल यादव सियान सदन हुडको, दिनांक 16.12.2022 को वार्ड क्र. 18 आमोद भवन कांट्रेक्टर कॉलोनी, वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर, वार्ड क्र. 52 शिव मंदिर सेक्टर 03 में सुबह 10ः00 से 2ः00 बजे तक शिविर आयोजित किया जायेगा।

# चरोदा के वार्डों को संवारने महापौर ने किया लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 9 दिसंबर।** महापौर निर्मल कोसरे ने भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के 10 वार्डो में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक साल से अनवरत चल रहे विकास कार्यों से भिलाई-चरोदा के वार्डो दशा और दिशा संवर रही है। आने वाले दिनों में विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाकर जनभावना को पूरा सम्मान दिया जाएगा। महापौर निर्मल कोसरे ने भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत तहसील कार्यालय से की। यहां पर उन्होंने 19-91 लाख रुपए की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन किया। इसके बाद उन्होंने सिलसिलेवार अलग-अलग वार्डो में विकास के बीज रोपित किए। कोसरे ने वार्ड 01 इंदिरा नगर हथखोज में 8 लाख रुपए से आरसीसी रोड व नाली, वार्ड 02 हथखोज बस्ती में 8 लाख रुपए से आरसीसी नाली, वार्ड 03 अकलोरडीह के शीतला पारा में 8 लाख रुपए से आरसीसी नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। इसी कड़ी में वार्ड 04 जरवाय में 5 लाख रुपए से पाइप लाइन विस्तार व 3 लाख रुपए से सीसी रोड, वार्ड 05 दादर में 5 लाख रुपए से साहू भवन, 8 लाख रुपए से सीसी रोड व नाली, वार्ड 06 उमदा में 2 लाख रुपए से पाइप लाइन विस्तार व 6 लाख रुपए से सीसी रोड, वार्ड 21 चरोदा बस्ती में 8 लाख रुपए से सीसी रोड, वार्ड 22 चरोदा भाठा में 8 लाख रुपए से नहर पुलिया चौड़ीकरण व सीसी रोड तथा सबसे आखिर में वार्ड 31 देवबलोदा में 8 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे ने नागरिकों की मांग का सम्मान करते हुए वार्ड 03 हथखोज बस्ती और वार्ड 31 देवबलोदा में एक-एक नग बोरिंग खनन एवं वार्ड 22 दादर में जोड़ा जैतखाम निर्माण और स्टील रेलिंग लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर एसडीएम जागेश्वर कुमार कौशल, तहसीलदार चन्द्रशेखर मंडई, एमआईसी सदस्य संतोषी निषाद, दीप्ति वर्मा, मोहन साहू, देव कुमारी भलावी, एस वेंकट रमना, ईश्वर साहू, एम जॉनी, मनोज डहरिया, पार्षद डे साहब वर्मा, टेनेन्द्र ठाकरे, ठामेश्वरी साहू, भूपेंद्र वर्मा, राकेश बंछोर, संजय यादव, निशा यादव, ललित यादव, रविन्द्र हरपाल, उप अभियंता मुकेश रात्रे, विक्टर वर्मा, पूर्व पार्षद आशीष वर्मा, बहलराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, युवा कांग्रेस नेता असफाक अहमद, इन्द्रजीत यादव, युवराज कश्यप, विनोद साहू, राकेश गोविंद वर्मा, शरद यादव, हुकुमचंद वर्मा, दीपक टंडन, सरस्वती वर्मा, विमला कोसरिया, अनिल सिन्हा, विनोद निषाद सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे।

## पीएलईएम विभाग ने की एसपी-3 में कम्प्रेस्ड एयर की अतिरिक्त आपूर्ति

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र में पीएलईएम विभाग द्वारा हाल ही में एसपी-3 में कम्प्रेस्ड एयर की अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित की है। सिंटर प्लांट-3 के पैकेज-2 में आयरन ओर के चोकिंग से सिंटर मशीन में ओर की सप्लाई में रुकावट आ रही थी जिसके कारण उत्पादन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा था। एसपी-3 तथा पीएलईएम विभाग के संयुक्त प्रयासों के फलस्वरूप पीएलईएम विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक एस के देशपांडे के नेतृत्व में 150 मिमी व्यास की करीब 800 मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई गई जिसका कमिशनिंग दिनांक 06 दिसम्बर 2020 को मुख्य महाप्रबंधक जी ए सोरते तथा मुख्य महाप्रबंधक ए के दत्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक एम वेंकटेश बाबू, महाप्रबंधक एम आर के शरीफ, महाप्रबंधक ए के बेडेकर एवं वरिष्ठ प्रबंधक एस के सारंगी, सहायक प्रबंधक पी सी वर्मा, सहायक प्रबंधक के के कन्नौजे, माधव राव, विवेकानंद सुर, रूप सिंह, विजय कुमार सोरी तथा पीएलईएम एवं एसपी-3 के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।



# जि.पं. अध्यक्ष ने महात्मा गांधी के सपनो के ग्रामोद्योग, ग्रामीण औद्योगिक पार्क निर्माण का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन की ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने के साथ ही गांव में ही गांव के लोगों जिसमे युवा को लघु उद्योग लगाने प्रेरित कर रोजगार के अवसर प्रदान करना,स्व सहायता समूह के महिलाओ के लिए आजीविका के अवसर के माध्यम से अतिरिक्त आय का साधन विकसित किया जाने के मकसद से महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना प्रारंभ किया गया है।

दुर्ग जिले के तीनों ब्लॉक में चार चार ग्रामीण औद्योगिक पार्क निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी रिवेंद्र यादव विकासखंड के अंजोरा ,चंदखुरी और कातरो में रीपा के प्रारंभिक चरण के कार्यो का जायजा लेने पहुंची।

ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निर्माण लागत प्रत्येक इकाई का लगभग दो करोड़ रुपये में किया जाना है जिसमे ? 40 - 40 लाख की लागत से दो बड़ा शेड ,सुरक्षा के लिए आहाता ,उच्च क्षमता का सीमेंटेड रोड ,सहित पानी बिजली का भी व्यवस्था दी जावेगी।अधोसंरचना विकसित करने के तहत अंजोरा ,चंदखुरी गौठान में शुरुवाती शेड निर्माण कार्य प्रगति पर है वही कातरो का कारण आहाता निर्माण चल रहा है और शेड निर्माण की तैयारी में ले आउट मिल चुका है। अध्यक्ष शालिनी यादव द्वारा कार्य स्थल पर योजना का प्राकलन की प्रति रखने, सूचना फलक लगाने,योजना का सहित प्रचार प्रसार संबंधित ग्लो साईन बोर्ड लगाने तथा गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश उपस्थित उपयंत्रियों ,सरपंच सचिव को दिया गया।ग्रामीण औद्योगिक पार्क निरीक्षण अवसर पर जनपद सदस्य दीपिका चन्द्राकर ,अंजोरा सरपंच संगीता माखन साहू ,गौठान अध्यक्ष मुकेश साहू ,चंदखुरी सरपंच हेमलता देशमुख ,गौठान अध्यक्ष मनोज चन्द्राकर ,कातरो सरपंच मंजू यदु ,गौठान अध्यक्ष पदुम गजपाल ,सुरेश निर्मलकर ,खिलेंद्र निर्मलकर ,डिप्टी कलेक्टर ध्रुव ,अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सी के सोने ,उपयंत्री शशांक राठौर ,सचिव कामिनी चंद्राकर ,यामिनी देवांगन पंच गण मौजूद रहे।

# राजीव युवा मितान क्लब ने आयोजित की रंगोली प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 9 दिसंबर।** राजीव युवा मितान क्लब वन से पांच कवर्धा के संयोजक श्री राजकुमार तिवारी जी के मार्ग दर्शन में कैलाश नगर मंच के पास युवा मितान क्लब वन , टू के सयुक्त तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया,रंगोली प्रतियोगिता में लगभग 100 से अधिक बालिकाओं ने रंगोली बनाई,दोनो क्लब द्वारा अलग अलग पुरुस्कार निर्णायक समति में पहुंचे राजीव युवा मितान क्लब समन्वयक श्री विकास केसरी,संयोजक श्री राजकुमार तिवारी जी पार्षद प्रतिनिधि बलदाऊ चंद्रवंशी ,पार्षद संजय लांझि जी द्वारा प्रथम ,द्वितीय,तृतीय,उत्कृष्ट पुरुस्कार ,सहित सभी को ससम्मान प्रमाण पत्र सील्ड कॉपी पेन वितरण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की हौसला बढ़ाते हुए एवम् राजीव युवा मितान क्लब की गठन को श्री विकास केसरी द्वारा परिभाषित किया गया,साथ ही संबोधन में राजकुमार तिवारी जी ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब आज प्रदेश कांग्रेस सरकार के मंशा नूरूप अपने अपने कार्य क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित लोकसंस्कृति , पारंपरिक खेलो को सहेजने की कार्य करने के साथ ही कांग्रेस पार्टी को क्लब के माध्यम से एक दूसरे को जोड़ने की प्रयास कर रहे है,तिवारी जी के संबोधन पश्चात सभी ने अपने संबोधन में राजीव युवा मितान क्लब के सभी सदस्यो को सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए बच्चो की हौसला अफजाई किए । रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम राजीव युवा मितान क्लब 01 के अध्यक्ष दिलीप साहू,सचिव बीरबल साहू, क्लब 02 के अध्यक्ष छोटू राम साहू,सचिव दीपक कुमार,कोषाध्यक्ष मनोज दुबे जी एवम दोनो क्लब के मितान सदस्यो द्वारा आयोजित किया गया ।

## प्रॉपर्टी टैक्स के उचित मूल्यांकन के लिए करें रेंडम चेकिंग: तंबोली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 दिसंबर।** कलेक्ट्रेट सभागार में संचालक डॉ अय्याज तंबोली नगरीय प्रशासन एवं विकास की अध्यक्षता में नगर निगम के आयुक्तों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, राजस्व वसूली, भवन अनुज्ञा, नीलामी, दरों में परिवर्तन अधोसंरचना संबंधित निर्माण कार्य को लेकर सघन चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ तंबोली ने रेवेन्यू का प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यावहारिक समाधान को अपनी कार्यशैली में लाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने समस्या के निदान के लिए समस्या का कारण जानने और उसके विकल्प तलाशने की बात कही। नागरिक सुविधा के दृष्टिकोण से ऑनलाइन सिस्टम डेवेलप करने की बात भी कही ताकि नागरिक घर बैठे ही सुविधाओं का लाभ ले सके। उन्होंने जर्जर हो चुके दुकानों के लीज़ को रिन्यूअल न करने के आदेश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रॉपर्टी टैक्स के मूल्यांकन का हो क्रॉस चेक- डॉ तंबोली ने उपस्थित अधिकारियों को प्रॉपर्टी की रेगुलर मॉनिटरिंग और एसेसमेंट के लिए निर्देशित किया। उनका वक्तव्य था कि स्थल परीक्षण करने से वास्तविक स्थिति के साथ डाटा को क्रॉस चेक करने में सहायता मिलती है। इस प्रकार के रैंडम चेकिंग करने से प्रॉपर्टी टैक्स का सही आकलन कर सकते हैं। इससे निसंदेह प्रॉपर्टी टैक्स में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। इसके अलावा बैठक में सड़क मरम्मत हेतु जारी राशि के विरूद्ध कार्य की प्रगति, आय बढ़ाने के साधन, निकाय की निर्मित परिसंपत्तियों से प्राप्त आय, 1.00 रू प्रतिफुट जमीन के संबंध में जारी दिशा-निर्देश अनुरूप प्राप्त भूमि, राजस्व वसूली हेतु किये गये प्रयास / प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति, अनाधिकृत भवन निर्माण के नियमितीकरण प्रक्रिया, ऑनलाईन बिल्डिंग परमिशन, एस. टी. पी. निर्माण की प्रगति, लीगेसी वेस्ट की अद्यतन स्थिति, भिलाई साडा के भूमि के संबंध में निविदा की प्रक्रिया, टाउन प्लानर की नियुक्ति और पी. एम. वाय. अंतर्गत निर्मित भवनों के आबंटन जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास, दुर्ग निगम प्रभारी आयुक्त लक्ष्मण तिवारी, संयुक्त संचालक एस के सुंदरानी, मुख्य अभियंता यू. के धलेंद्र, आशीष देवांगन नगर निगम आयुक्त रिसाली, लोकेश चंद्राकर, सीएमओ व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रोपेन प्लांट-1 में मॉक ड्रिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बेहद खतरनाक श्रेणी प्रोपेन प्लांट-1 विभाग में मॉक ड्रिल के दौरान अचानक प्रोपेन गैस का रिसाव शुरू हो गया एवं विस्फोट के कारण एक कर्मी गोपी दास मानिकपुरी बुरी तरह आहत हो गया। विभाग की तरफ से तुरंत उस कर्मी को रेस्क्यू किया एवं फायर ब्रिगेड में अग्निशमन वाहन व मेन मेडिकल पोस्ट में एम्बुलेंस के लिए फोन किया। साथ ही साथ दुर्घटना की सूचना प्लांट कंट्रोल, सुरक्षा अभियांत्रिकी, सिविल डिफेंस, पर्यावरण विभाग, कार्य प्रबंधक, सीआईएसएफ कंट्रोल, मुख्य महाप्रबंधक मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी कार्यपालक निदेशक संकार्य कार्यालय, निदेशक प्रभारी कार्यालय में दी गई। दुर्घटना स्थल पर अग्निशमन वाहन 2 मिनट एवं एम्बुलेंस 6 मिनट में पहुँच गई। आहत व्यक्ति को उपचार हेतु मेन मेडिकल पोस्ट भेज दिया गया तथा आग पर काबू पा लिया गया एवं गैस रिसाव को तुरंत बंद कर कार्यस्थल से सभी 5 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। 10 मिनट में स्थिति को सामान्य कर विभाग का प्रचालन प्रारंभ कर दिया गया। इससे भिलाई इस्पात संयंत्र को कोई क्षति नहीं पहुँचने दी गई। मॉक ड्रिल रिव्यू मीटिंग के दौरान विभागीय सुरक्षा अधिकारी पी डी सुन्दरानी ने बताया प्रोपेन एक गैर विषैली गैस है जिससे गैस लगने का खतरा नहीं होता लेकिन बेहद विस्फोटक गैस है। विभाग प्रमुख व महाप्रबंधक रमेश प्रसाद अहिरवार ने कहा कि मॉक ड्रिल कर्मी को हर वक्त सुरक्षा के प्रति चौकन्ना व सक्रिय बनाये रखती है। मुख्य महाप्रबंधक जी ए सोरते ने मॉक ड्रिल कार्यशैली की प्रशंसा करते हुये इसकी निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया। इस स्थिति से निपटने के लिये प्रोपेन प्लांट-1 विभाग से के आर चौरेन्द्र, धनसाय साहू, जगन मूड, मोहन बिसाई, छोटेलाल, संजय प्रसाद, परदेसी राम देवांगन, नंदी केश्वर, वैभव साहू आदि ने अथक प्रयास किया। इस घटना की सूचना पाते ही अग्निशमन विभाग के डिप्टी सीएफओ, व्ही पी एस धामा, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग से प्रबंधक जे एल मेश्राम, सिविल डिफेन्स से स्वतंत्र कुमार ताम्रकार आदि स्थिति पर काबू पाने तत्काल पहुँचे।

# गौठान के पैरा में लगी आग पुलिस और दमकल की टीम ने बुझाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 9 दिसंबर।** पुलिस चौकी मचांदुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मचांदुर के गौठान में पशुओं के लिए पैरा दान किया गया था जिसमें अचानक आग लग गई। आग तेजी से पैरावट में फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 की टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची और पानी छींड़काव कर आग पर काबू पाया गया। तब तक पैरावट पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मचांदुर सरपंच दिलीप साहू ने बताया कि गौठान में आग लगने की जानकारी मिलने पर मौके पर पंहुचा आग पूरी तरह से फैल चुका था बड़ी मुश्किल से पैरा एकत्रित किया गया गया था।दुर्ग गग्रामीण विधानसभा में हमारा गौठान पैरा एकत्रित करने में नंबर 1 में चल रहा था। कुछ असामाजिक तत्व के लोग हो सकते हैं।आग लगाने वालें आग कैसे लगा हैं।अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हैं। गौठान में गाय को खिलाने के लिए चारा खत्म हो गया है।पुलिस चौकी प्रभारी श्याम सिंह नेताम ने ग्रामीण एवं आसपास के लोगों को आग नहीं लगाने की समझाइश दी। इस दौरान प्रमुख रूप सरपंच दिलीप साहू,उपसरपंच गजेंद्र कुमार साहू,गौठान अध्यक्ष कृष्णा साहू,पंच प्रवीण यदु,सचिव धारेन देवांगन, मनोज राजपूत,नरेश यदु,फलेंद्र सिंह राजपूत, जसलोक साहू,नवाब खान,शीत साहू,बिट्टू साहू,टीलेश साहू,नरोत्तम साहू,चांद खान,अलाउद्दीन कुरैशी, निरंजन राजपूत,रोहित चंद्रकार, रवि साहू,महेंद्र पटेल,सनत यादव,लीलाधर साहू,जगदीश साहू,तोरण साहू,पवन यादव,मनोज गोस्वामी,गीतूराज,सज्जाद खान,नरेंद्र साहू,हिरामन साहू,इमरान खान,जितेंद्र साहू,हेमचंद साहू,नितेश साहू,प्रकाश साहू,किशन साहू,गणपत साहू,ललित पटेल,भूषण साहू,दीपक साहू,नवीन निषाद,महावीर निषाद,फुलेश्वरी देवांगन,सहित अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** 6 दिसंबर को पीड़िता द्वारा थाना बसंतपुर में लिखित शिकायत रिपोर्ट दर्ज करायी कि ग्राम मोहड निवासी तुलसी गौतम के द्वारा जान पहचान का फायदा उठाकर पिछले 02 वर्षो से घर में अकेला पाकर जबरदस्ती दिनांक 28.11.2020 को शारीरिक शोषण कर घर वालो को मारने की धमकी देकर लगातार पीडिता से शारीरिक शोषण किया पीडिता के शादी होने के बाद भी शादी का प्रलोभन देकर 28 नवबंर 2020 से 12 अक्टुबर 2022 तक कई बार बलात्कार किया और किसी को बताने से जान से मारने की धमकी दिया, कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पतासाजी थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियां के मार्गदर्शन प्राप्त कर महिला संबधी अपराधों को संवेदनशीलता से लेते श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीलखन पटले , नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में टीम बनाकर तत्काल आरोपी की पतासाजी की गई। आरोपी तुलसी गौतम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म कबूल करने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरी0 एस0आर0 धुर्वे महिला प्र0आर0 खुशबू नागवंशी आरक्षक देवेन्द्र पाल, कमल यादव की भूमिका सराहनीय रही।

### युवाओं के लिए जिम का शुभारंभ



**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** धामनसरा में युवाओं के मांग पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव के द्वारा 15 वित्त निधि जनपद पंचायत राजनांदगांव से 2 लाख राशि जिम सामग्री हेतु प्रदान किया गया था जिसका आज शुभारंभ मुख्य अतिथि योगेंद्र दास वैष्णव जिला महामंत्री किसान कांग्रेस राजनांदगांव अध्यक्षता रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य विशेष अतिथि लोकेश गंगवीर सरपंच कृतलाल पटेल उपसरपंच तुलेशपटेल पंच कृष्णा पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रामचंद्र चंद्राकर रमेश पटेल ने शुभारंभ किया गया वैष्णव ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए जिम बहुत उपयोगी है शरीर को स्वस्थ रखने के कारगर साबित होगा और अपने शरीर को भी स्वस्थ रख सकते हैं युवाओं को सेना पुलिस नगर सेना होमगार्ड के भर्ती के युवाओं के शरीर कारगर साबित होगा सचिव कुमारी ढालेश्वरी साहू किरण निषाद रोजगार सहायक एवं युवा महिलाएं उपस्थित रहा।

### वंदे भारत ट्रेन के स्टापेज के लिए शहर अध्यक्ष कुलबीर ने लिखा राज्यसभा सदस्यों को पत्र

**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्यसभा सांसदों को पत्र लिखकर स्टापेज दिलवाने की मांग की है। श्री छाबड़ा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव को संस्कारधानी नगरीय कहा जाता है। राजनांदगांव बैरागी राजाओं की रियासत है और यहां के राजा स्व.श्री बलराम दास जी, स्व.श्री सर्वेश्वरदास जी ने जनता को रेल की सुविधा के लिए रेल मार्ग जाने के लिए सशर्त जमीन दान में दी थी। जो कि 11 दिसंबर से चलने वाली वंदे भारत ट्रेन जो कि बिलासपुर से नागपुर तक का संचालन किया जाना है। जिसमें दुर्ग के बाद गोदिया को स्टापेज दिया गया है। यह हावड़ा-मुंबई का मुख्य रेल मार्ग है और राजनांदगांव जिले के लाखों नागरिक इस ट्रेन का लाभ से वंचित हो रहे है। राजनांदगांव का स्टेशन सभी सुविधाओं से युक्त हैं और प्रथम पंक्ति के स्टेशन में आता है। पूरे राज्य में पहले रेल लाइन बिछाने वाले राजनांदगांव शहर स्टेशन को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज को वंचित किया जाना राजनांदगांव जिले के लिए अन्याय है। राज्यसभा सांसद श्रीमती रंजीत रजन, राजीव शुक्ला, केटीएस तुलसी, फुलोदेवी नेताम के माध्यम से केन्द्रीय रेल मंत्री भारत सरकार से इस विषय पर राजनांदगांव जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज को करने के लिए ठोस पहल करते हुए राजनांदगांव जिले के नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए स्टापेज की मांग की है। राजनांदगांव जिले के साथ भी केन्द्र की मोदी सरकार सदा अन्याय कर रही है।


### मौरीकला के दंपति ने किया देहदान

**अंवरी 9 दिसंबर।** ग्राम मौरीकला तहसील कुरूद जिला धमतरी निवासी नरेंद्र कुमार साहू और दयाबाई साहू दंपति ने अपने इच्छा से अपने पूरे शरीर को मृत्युपरांत दान देने की घोषणा की है। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में एनोटॉमी विभाग को दंपति द्वारा दान किया गया है। एवम घोषणा किया है कि किसी भी व्यक्ति को , चाहे वह मेरा उत्तराधिकारी या रिश्तेदार हो मृत्यु के पश्चात मृतक शरीर एनोटॉमी विभाग को दिए जाने पर कोई आपत्ति नहीं किया जायेगा। क्योंकि उनके शरीर को संस्थान के द्वारा अध्ययन अध्यापन में उपयोग में लाने की बात उन्होंने की है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के उपरांत तुरंत यथा संभव शीघ्र एनोटॉमी विभाग के अधिकारियों को मेरे पुत्र देवेंद्र कुमार साहू द्वारा सूचना दी जाएगी। ताकि दंपति के शरीर का उचित उपयोग किया जा सके। इस प्रकार से अपने शरीर का दान करने के पीछे डा. खिलावन साहू सीएचओ स्वास्थ्य केंद्र कठौली और दंपति के परिवार का विशेष मार्गदर्शन रहा।

# सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी हमारी धरोहर:भूपेश बघेल

## पेंशनरों का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन छत्तीसगढ़ में पहली बार रायपुर में

■ निरंजन धर्मशाला रायपुर में 5-6 जनवरी को देश भर से पेंशनर एकत्रित होंगे



**रायपुर 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल ने भारतीय राज्य पेंसनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन रायपुर मे दो दिवसीय आयोजन पर उनको प्रेषित संदेश में कहा है कि सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी हमारी धरोहर है,उनके अनुभव व सुझाओं को हमारी सरकार ने सदैव सम्मान दिया है। उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा है कि हमारी सरकार ने सदैव बुजुर्गो तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों अधिकारियों का ध्यान रखा है तथा उनके हर सुख दुख में सहभागी रहे है। उन्होंने आगामी 5 एवं 6 जनवरी 23 को रायपुर में तृतीय राष्ट्रीय अधिवेशन के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर किया है और आयोजन के सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया है एवं इस अधिवेशन में 23 राज्यों से छत्तीसगढ़ में आने वाले शासकीय व सार्वजनिक उपक्रमों से सेवानिवृत्त प्रतिनिधियों का स्वागत किया है। मुख्यमन्त्री ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामन्त्री वीरेन्द्र नामदेव को अधिवेशन के अवसर पर प्रकाशित होने वाले स्मारिका के लिए प्रेषित संदेश में उक्त उदगार व्यक्त किया है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ राष्ट्रीय महामन्त्री वीरेन्द्र नामदेव, छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जे पी मिश्रा, राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजन समिति के संयोजक पूरनसिह पटेल, महामन्त्री लोचन पाण्डे, डॉ पी आर घृतलहरे, महिला प्रकोष्ठ से श्री मति द्रोपदी यादव जशपुर,उर्मिला शुक्ला,कलावती पांडे रायपुर, वंदना दत्ता अंबिकापुर,कुंती राणा,डॉ वीणा तिवारी बिलासपुर,बस्तर सम्भाग के अध्यक्ष आर एन ताटी, बिलासपुर सम्भाग के अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, क्रमशः दुर्ग जिला के अध्यक्ष बी के वर्मा, रायपुर के आर जी बोहरे, बिलासपुर के विनोद जैन, कांकेर के ओ पी भट्ट, बालोदाबाजार से जे पी धुरन्धर, रायगढ़ से तीरथ लाल यादव, धमतरी से डी के त्रिपाठी, जशपुर से रमेश नन्दे, बलरामपुर से जगदीश सिह,जांजगीर से नैनसिह आदि ने इस उत्साहवर्धक संदेश पर मुख्यमन्त्री के प्रति आभार जताया है और उनसे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आमन्त्रण को स्वीकार कर पधारने का आग्रह किया है।

### मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से अब तक 35 लाख से ज्यादा लोगों का नि:शुल्क इलाज

**रायपुर,9 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ऐसी परिकल्पना की थी स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों का इलाज उनके घर पर ही हो। इसी उद्देश्य के साथ लागू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से अब तक 35 लाख से ज्यादा लोगों का इलाज मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल द्वारा स्लम बस्तियों में पहुंचकर किया गया है। योजना के तहत अब पूरे राज्य के नगरीय क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस 120 मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस योजना के माध्यम से अब तक 7 लाख 96 हजार 182 मरीजों को पैथालॉजी टेस्ट की सुविधा मुहैया कराने के साथ ही 29 लाख 82 हजार 636 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क दवाएं दी गई हैं। योजना के तहत लाभान्वित मरीजों में 2 लाख 56 हजार 465 श्रमिक भी हैं। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक राज्य के 169 नगरीय निकायों की स्लम बस्तियों में 47 हजार 840 कैम्प लगाकर लोगों की नि:शुल्क जांच व उपचार कर दवाईयां दी गई हैं।

# छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ ने दिल्ली में सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 9 दिसंबर।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित न्याय अधिकार धमतरी जिला ओबीसी नेता शामिल हुए। पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष अंगेश हिरवानी ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में 6 से 8 दिसंबर तक रामलीला मैदान दिल्ली में आयोजित न्याय अधिकार÷ महासम्मेलन में छ. ग.से धमतरी,कांकेर,चारामा,कोंडागांव, जगदलपुर,दंतेवाड़ा सहित बस्तर से लगभग 200 ओबीसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जहां पर ओबीसी कार्यकर्ताओं ने बडी जोश के साथ अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोलकर प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम स्थल से प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर मांग पत्र ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन में कहा गया है की देश में होने वाली आर्थिक एवम सामाजिक जनगणना में ओबीसी का कालम नही होने से की वजह से ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या व किसी प्रकार का दस्ता वेज प्रमाणित नही हो पाता जिस कारण ओबीसी को अपनी आबादी के आधार पर समाज को अधिकार लेने में कानूनी प्रक्रिया पर कई प्रकार की दिक्कतें आती है और देश व अपने अपने प्रदेश के तमाम क्षेत्रों में ओबीसी को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिलता,इन्ही सभी समस्याओं को दूर करने व सभी वर्ग को अपना अपना अधिकार मिले इसी उद्देश्य को लेकर भविष्य में होने वाली जनगणना की प्रपत्र में ओबीसी का कालम जोड़कर जातीय जनगणना कराने कहा गया, तथा पिछड़ा वर्ग के हित में विभिन्न बिंदुओं पर मांग पत्र दिया गया । जिला अध्यक्ष अंगेश हिरवानी वा प्रदेश के लीलाराम साहू संरक्षक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा देश की सरकार ने आजादी के बाद जंगल में पलने वाले शेर भालू बंदर विभिन्न प्रकार जानवरो का सर्वे करवाया लेकिन आजतक कोई भी सरकार ने ओ बी सी का जनगणना नही करवाया इससे साफ होता है की नियत साफ नही हैं जिला उपाध्यक्ष वेदराम साहू ने कहा जातिगत जनगणना ओ बी सी का नही होने कारण हमारे वर्ग के बच्चो को शिक्षा नौकरी में काफी दिक्कतों एवम भेद भाव का सामना करना पड़ता है इस दरमियान प्रदेश के लीलाराम साहू,भागवत वैष्णव,गंगाराम बघेल,देवकरण जैन,धनीराम यादव, ,,पूर्णेश्वर साहू,प्रेम सिंह विश्वकर्मा, सत्यनारायण साहू,नूतन साहू घुराऊ राम साहू कार्य कर्ताओ ने शामिल हुआ।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक, निगम की टीम ने की नंदई,हल्दी की दुकानों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने नगर निगम सख्ती बरत रही है, अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज नंदई व हल्दी क्षेत्र के किराना दुकानों पर कार्यवाही करते हुये 8 दुकानदारों से 2 हजार 9 सौ रूपये जुर्माना कर 2 किलो सिंगल यूज पालीथिन भी जप्त किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडे कदम उठा रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम द्वारा भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है।

निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुॅचाने के साथ साथ मानव जीवन सहित जीव जन्तु के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल रहा है, नुकसान से बचाने शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगाया जा रहा है। शासन मंशानुरूप नगर निगम का स्वास्थ्य अमला भी शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज नंदई व हल्दी क्षेत्र के किराना



दुकानों में नंदई के भरत किराना से 5 सौ रूपये, गणेश किराना, मालू किराना व राधेश्याम किराना स्टोर से 3-3 सौ रूपये तथा हल्दी के इमाम किराना से 2 सौ रूपये, महालक्ष्मी किराना स्टोर्स व ओम ट्रेडर्स से 5-5 सौ रूपये व लक्ष्मी किराना स्टोर्स से 3 सौ रूपये कुल 2 हजार 9 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया तथा 2 किलो सिंगल यूज पालिथिन जब्त करने की कार्यवाही की गयी। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे, ताकि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।

# आयुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आज राजस्व विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली की वार्डवार जानकारी ली एवं राजीव युवा मितान क्लब गठन संबंधी प्रगति की जानकारी लेकर सभी वार्डो में गठन की प्रक्रिया अतिशीध्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने पूर्व में लिये गये बैठक की समीक्षा कर वार्डवार वसूली की जानकारी ली और वसूली में तेजी लाकर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड में जाकर प्रतिदिन



वसूली करना है एवं वसूली की प्रगति की जानकारी राजस्व अधिकारी को अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं करने की स्थिति में एवं बडे बकायादारों को नोटिस जारी कर नल विच्छेदन की कार्यवाही करे तथा बडे बकायादारों की सूची समाचार पत्रों मे प्रकाशित करे, प्रकाशन पश्चात कुर्की की कार्यवाही करे। भवन अनुज्ञा एवं जल विभाग से समान्जस्य कर नये मकान की जानकारी एवं नये नल कनेक्शन की जानकारी लेवे तथा उनसे जलकर व सम्पत्तिकर वसूलना सुनिश्चित करे। दुकान किराया आवास योजना के किराया प्रति माह वसूली करे, किराया नहीं देने की स्थिति में नोटिस जारी करे। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने राजीव युवा मितान क्लब गठन के संबंध में वार्डवार जानकारी ली। प्र.राजस्व अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर ने जानकारी देते हुये बताया कि 11 वार्ड में गठन की प्रक्रिया पूर्ण कर खाता में राशि हस्तांतरण हो चुका है। 17 वार्ड में समिति गठन हो चुका है, पर खाता अप्राप्त है, 8 वार्डो का पुलिस वेरिफिकेशन के लिये सूची भेजी गयी है।

### अमेजन फैशन पर वार्डरॉब रिफ्रेश सेल का 11 वां संस्करण 14 दिसंबर तक

**रायपुर 9 दिसंबर।** अमेजन फैशन ने अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट वार्डरॉब रिफ्रेश सेल के 11वें संस्करण को सबसे पसंदीदा फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के विस्तृत चयन पर विशेष डील्स के साथ शुरू करने की घोषणा की है। अब जैसे कि वर्ष 2022 समाप्त होने वाला है, तो ये समय है पुरानी यादों को ताजा करने और संडे ब्रंच, वेडिंग सीजन, हाउस पार्टी या न्यू ईयर ईव को अपने प्रियजन के साथ अपने सबसे फैशनेबल परिधान के साथ जश्न मनाने का। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी क्या योजना है, हम आपको अपैरल, शूज, हैंडबैग, वॉचेज, ज्वेलरी, किड्स वियर, ब्यूटीउत्पादों, लग्जरी ब्यूटी आदि सहित फैशन और ब्यूटी कैटेगरी के विस्तृत चयन उपलब्ध कराएंगे। ग्राहक शुक्रवार, 9दिसंबर से शुरू होने वाले और 14 दिसंबर 2022 तक चलने वाले पांच दिवसीय शॉपिंग इवेंट के दौरान 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक की छूट हासिल कर सकते हैं। यहां आपके पास अपने वार्डरॉब को पूरी तरह से बदलने और लेटेस?ट ट्रेंड्सऔर डिजाइन के साथ एक नया रूप प्रदान करने का अवसर है।

### डिक्की से 77 हजार पार करने वाले का सुराग नही

**भिलाई 9 दिसंबर।** छावनी थाना क्षेत्र नंदिनी रोड के पास एक युवक के एक्टिवा से 76,500 रुपए की उठाईगिरी करने वाले आरोपी का सप्ताह भर बाद भी पुलिस सुराग नहीं लगा पायी है गौरतलब हो कि कैंप 2 भिलाई निवासी श्याम कुमार यादव (25 साल) ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 1 दिसंबर को उसके पिता राममिलन यादव ने 55000 रुपए उसे सीडीएम मशीन से खाता में डालने के लिए दिए थे। वह अपने दोस्त ईश्वर के साथ रुपए डालने निकला था। ईश्वर भी अपने पास 9000 रुपए और वह खुद पहले 13 हजार रुपए रखा हुआ था इस तरह उसके पास कुल 77 हजार रुपए नगद थे उन्होंने सारे रुपए एक ऑरेंज कलर के झोले में डाला और उसे अपने एक्टिवा में रखकर हाउसिंग बोर्ड जामुल स्थित सीडीएम मशीन की तरफ जा रहा था। इसी बीच दोस्त के मिलने पर शराब लेने नंदनी रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान चला गया। उन्होंने एक्टिवा की डिक्की में रखे 77 हजार रुपए की गड्डी में से 500 रुपए निकाला और उससे शराब खरीदने लगे। शराब लेकर वे चौरसिया होटल से चाय पार्सल कराने के लिए चले गए। उन्होंने एक्टिवा को खड़ी किया और चाय पैक कराने के लिए चले गए। चाय पार्सल करवाने के बाद उन्होंने अपने दोस्त को रास्ते में छोड़ा और वहां से हाउसिंग बोर्ड जामुल सीडीएम मशीन जाने के लिए निकले थे।

### जागरूकता कार्यशाला में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के साथ शामिल हुई महिला पार्षद

**रायपुर 9 दिसंबर।** शहरी आजीविका मिशन द्वारा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के कारणों से अवगत कराते हुए प्रजनन पथ संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता हेतु प्रेरित करने व सेनेटरी पैड के उपयोग के संबंध में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इस तारतम्य में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे सहित महिला पार्षद, शहरी आजीविका मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर व सामुदायिक संगठक शामिल हुए। कार्यशाला में महिला पार्षदों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए उनके उपयोगी सुझाव लिए गए। सभी ने माना कि स्वास्थ्य के प्रति हर महिला को जागरूक करने की बड़ी जिम्मेदारी हर शिक्षित महिला निभाएं एवं शहर की हर आयवर्ग को सेनेटरी पैड के उपयोग हेतु प्रेरित करने व उपलब्ध हर बेहतर विकल्प से उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। निगम मुख्यालय में गांधी सदन में आयोजित कार्यशाला विशेष रूप से केवल महिला पार्षदों हेतु आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल छगन चौबे, पार्षद श्रीमती सीमा संतोष साहू, श्रीमती मंजू विरेन्द्र साहू, श्रीमती विश्वदिनी पाण्डेय, श्रीमती नीलम नीलकण्ठ, श्रीमती टेशु नंद किशोर, श्रीमती कामिनी पुरूषोत्तम देवांगन, श्रीमती सरिता वर्मा शामिल हुई। नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल छगन चौबे ने इस पूरे जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी ली एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण अंचल के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहें सैकड़ों परिवारों की महिलाएं अभी भी प्रजनन पथ संक्रमण के खतरों के संबंध में पूरी तरह से जागरूक नहीं है। कार्यशाला में यह भी चिंता व्यक्त की गई कि मासिक धर्म के दौरान अस्वच्छ कपड़े के निरंतर उपयोग से महिलाओं और किशोरियों में संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

# वार्डों में रोड, नाली, तालाब सौंदर्यीकरण एवं सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 दिसम्बर।** नगर विकास की कडी में नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी कडी में आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने वार्ड नं. 17 में महापौर निधि अंतर्गत 2.38 लाख रूपये की लागत से के बख्तावर चाल गली नं. 8 में सीमेंट कांक्रिटींग रोड व नाली में कव्हर निर्माण, वार्ड नं. 32 में महापौर निधि अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से राहुल नगर में आम्बेडकर सामुदायिक भवन निर्माण तथा वार्ड नं. 35 में राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत



18.70 लाख रूपये की लागत से संतोषी तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन तीनों वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,पुनर्वास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य व वार्ड नं. 35 के पार्षद श्री भागचंद साहू, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, श्री संतोष पिल्ले व श्री राजेश गुप्ता चम्पू, वार्ड नं. 17 की पार्षद श्रीमती चंद्रकला देवांगन, वार्ड नं. 32 के पार्षद श्री मनीष साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत वार्ड नं. 17 के अरूण वेडे, जितेन्द्र मेश्राम, बबला देवांगन, नीता देवांगन, मनोज देवांगन, शुभम उपाध्याय, आशीष रामटेके, शशी पिल्ले ने, एवं वार्ड नं. 32 के कवल भोई, प्रभा कुटारे, नेहा रामटेके, कविता वासनिक, नजीर खान, रामगर रामटेके ने एवं वार्ड नं. 35 के भूपेन्द्र साहू, नरेश साहू, खेमचंद साहू, गिरीश साहू, सकुल चौहान, सेतोष महराज, समय लाल साहू, एनक साहू ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया।

### नो-पार्किंग में खड़े वाहनों का किया गया चालान

**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन में डीएसपी यातायात डी. सिसोदिया के नेतृत्व में यातायात



पुलिस राजनांदगांव द्वारा अभियान चलाकर नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के मालिकों पर चलानी कार्यवाही की गई। जिसके तहत पुराना रेस्टहाऊस से रेल्वे स्टेशन तक एवं गंज लाईन मार्ग पर खड़े कुल 30 चारपहिया वाहन मालिकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही की गई, यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करे और सुरक्षित रहें।

## उत्तर ब्लॉक के लखोली के तीन वार्डों में चली भारत जोड़ो यात्रा

# जनसंवाद करते हुए संस्कारधानी में निकली भारत जोड़ो यात्रा:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 9 दिसंबर।** देश में एकता और अखंडता कायम हो इन्हीं उद्देश्यों को लेकर राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व माननीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा लगातार निकाली जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत जोड़ो यात्रा के राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 08 दिसंबर को उत्तर ब्लॉक के वार्ड 31, 32. 33 लखोली में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस प्रभारी अरूण सिसोदिया के मार्गदर्शन व भारत जोड़ो यात्रा राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 8 दिसंबर गुरूवार को



राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत उत्तर ब्लॉक के लखोली के जनता कालोनी के सांई बाबा, गणेश जी, हनुमान जी व हनुमान लला की पूजा अर्चना की तत्पश्चात अरिहंत महिला समूह व जनता कल्याण महिला मंडल की महिलाओं से जनसंवाद कर महिलाओं के साथ यात्रा की शुरूआत हुई जो वार्ड 31 का भ्रमण करते हुए शंकर मंदिर पहुंची जहां पर पूजा अर्चना कर यात्रा आगे बढ़ी। यात्रा राहुल नगर पहुँचाने पर प्रज्ञा बुद्ध विहार में एकता महिला मंडल की महिलाओं द्वारा फुल मालाओं से स्वागत सत्कार किया। तत्पश्चात यात्रा वार्ड 32 के गौरा चैक पहुंची जहां पर भोलेबाबा मंदिर में श्रीफल चढ़ाकर यात्रा आगे के लिए निकली जो ब्रम्हदेव चैक लखोली शंकर मंदिर और हनुमान में पूजा कर मत्था टेका। इसके बाद यात्रा बैगापारा वार्ड नं. 33 के कर्मा भवन पहुंची जहां पर यात्रा का समापन हुआ।

यात्रा के दौरान उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली ने ''भारत जोड़ो नफरत तोड़ो'' के नारे लगाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की खोखले वादे, गलत आर्थिक नीतियों व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं व उनके उपलब्धियों को गिनाया।

यात्रा में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, सविता ठाकुर, महामंत्री नरेश शर्मा, पार्षद भागचंद साहू, मनीष साहू, मधुकर वंजारी, महेश साहू, चंद्रकला देवांगन, डा.पोषण साहू, नरेश साहू, मोहनी सिन्हा, ज्योति शर्मा, अमित जंघेल, अब्बास खान, मुस्तफा जोया, सोनूराम साहू, प्रमोद बागड़ी, मनीष अग्रवाल, डा.राकेश कुमार, सैय्यद अफजल, सुरेन्द्र देवांगन, हर्ष साहू, संगीता साहू, गोपी रजक, विलियम बंसोड, हितेश गोन्नाडे, रामनाथ निर्मलकर, सुनीता सिन्हा, अब्दुल कयूम खान, अर्जुन सिंह कुर्रे, सुकृत गुप्ता, विजय अग्निहोत्री, उमेश साहू, जयेश साहू, शिवम गढपायले, सोनूराम साहू, आशीष रामटेके, प्रियेश मेश्राम, विद्या तिरपुडे, राजेश यादव, पूनम रजक, छगन, दुरदेशी यादव, नरेश गढ़े, विनोद कुमार, शंकर रंगारी, विनोद कुमार, हुमेश गर्ग, सोनू यादव, हरषू यादव, योगेश, कमल सिन्हा, मयंक, लेखन यादव, गोलू, सुभाष, उमेश, साहिल, मेहक खाण्डेलकर, पूजा अग्रवाल, रंजनी, राधिका, मीनेश्वरी, अनिता, सलमा, सविता, एककीया भाई, जोया, लता, कमला, नुरि, पुष्पा, हरिशंकर नेताम, पवन सिन्हा, निरू, संतोष पल्टू, ललित, रोहित सिन्हा, विकास भौतिक सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

संपादकीय

## विपक्षी एकता में आप बनेगी बाधा

भारत की राजनीति में विपक्ष एकता की बात बहुत ज्यादा होती है इससे ऐसा लगता है कि विपक्ष एकता बहुत आसान है हकीकत में देश में विपक्ष एकता बहुत ही मुश्किल काम है। एक नेता इसकी शुरुआत करता है तो दस नेता उसके रास्ते में बाधा खडी करते हैं। कोई भी नेता अपन राज्य में भाजपा को हरा देता है तो वही विपक्षी एकता करने वाला मान लिया जाता है। उससे बड़ी उमीदें की जाती है। उम्मीद की जाने लगती हैं वह ऐसा नेता है जो पूरे विपक्ष को एकजुट क देगा। अब तक तो ऐसा नहीं हुआ है। जब महाराष्ट्र में शरद पवार की जोड़तोड़ से भाजपा की जगह साझा सरकार बनी तो ऐसा मान लिया गया कि शरद पवार सबसे सीनियर नेता वह कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को एकजुट कर सकते हैं लेकिन वह इसमें सफल नहीं हुए। ममता बैनर्जी ने बंगाल में भाजपा को हराया तो उसे विपक्ष का चेहरा मानकर विपक्षी एकता के प्रयास हुए। ममता बैनर्जी को पीएम मोदी को टक्कर देने वला नेता मान लिया गया। ममता सोनिया गांधी, शरद पवार आदि नेताओं से मिलकर उम्मीद जगाती रही लेकिन जैसे ही उनका नंबर दो का मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया, ममता बैनर्जी भी एकता की बात करना भूल गई। इसके बाद बिहार में नीतीश कुमार ने भाजपा का हाथ छोड़कर लालू प्रसाद की पार्टी के साथ जाने का फैसला किया।नीतीश कुमार से उम्मीद की गई वह विपक्ष को एकजुट कर सकते हैं।वह भी दिल्ली आए नेताओं से मिले लेकिन कुछ ही दिनों में उनकी सक्रियता भी समाप्त हो गई। अब अरविंद केजरीवाल के रूप में विपक्ष के लिए नई मुसीबत सामने आ गई है। अब तक केजरीवाल की आप पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी न होने के कारण विपक्ष के नेता खास तवज्जों नहीं देते थे। गुजरात विधानसभा चुनाव में आप को छह प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने के कारण अब उसको राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाएगा। विपक्ष के नेता माने या माने आप के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल खुद को पीएम मोदी को टक्कर देने वाला नेता मानते हैं। उनका दावा था कि गुजरात में आप की सरकार बनेगी, यह दावा चुनाव में भले ही झूठा साबित हो गया है लेकिन केजरीवाल इस बात से खुश हैं कि गुजरात की जनता ने उसे इतना वोट दिया है कि वह राष्ट्रीय पार्टी मानी जाएगी। भाजपा को राष्ट्रीय तौर पर टक्कर देने के लिए आप का राष्ट्रीय पार्टी होना जरूरी था। वह गुजरात चुनाव के बाद हो गया है। अब अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय राजनीति में अपना दावा ज्यादा मजबूती से रख सकते हैं। वह किसी विपक्षी एकता के अभियान में अब तक तो शामिल नहीं हुए हैं। वह अकेले ही कांग्रेस व भाजपा से मुकाबला करते हैं। उन्हें दिल्ली, पंजाब में सफलता मिली है। गुजरात में अपेक्षित सफलता नहीं मिली लेकिन वह वहां कांग्रेस को इतन नुकसान पहुचाई है कि कांग्रेस के लिए उसकी भरपाई मुश्किल होगी। विपक्ष के साथ अब तक केजरीवाल को जो रवैया रहा है,उसे देखते हुए तो यही कहा जा सकता है कि वह खुद किसी एकता अभियान में शामिल नहीं होंगे वह तो चाहेंगे कि विपक्ष मोदी से मुकाबला करने के लिए उन्हें नेता मान ले।

# समाज के उत्थान में स्कूल और धार्मिक संस्थान करते हैं मदद

**डॉ सत्यवान सौरभ**

मूल्य ऐसे विश्वास हैं जो धारक के लिए उपयोगिता या महत्व में निहित हैं, ÷या÷ सिद्धांत, मानक, या गुण सार्थक या वांछनीय परिलक्षित होते हैं। मूल्य आत्म-अवधारणा की एक महत्वपूर्ण विशेषता को स्थापित करते हैं और व्यक्ति के लिए पर्यवेक्षी सिद्धांतों के रूप में कार्य करते हैं। स्कूलों युग में मानव का जीवन अत्यंत सरल था। उस युग में ज्ञान की इतनी वृद्धि नहीं हुई थी जितनी आज हो गई है। इसका कारण यह है कि उस युग में मानव की आवश्यकताएं सीमित थी तथा उन्हें परिवार एवं अन्य अनौपचारिक साधनों के द्वारा पूरा कर लिया जाता था।

परंतु जनसंख्या की वृद्धि तथा जीवन की आवश्यकताओं की बाहुल्यता के कारण शैने-शैने॰ संस्कृति का रूप इतना जटिल होता चला गया कि उसका सम्पूर्ण ज्ञान बालक को परिवार तथा अन्य अनौपचारिक साधनों के द्वारा देना कठिन हो गया। इधर माता-पिता भी जीविकोपार्जन के चक्कर में फंसने लगे। उनके पास बालकों को शिक्षा देने के लिए न तो इतना समय ही रहा और न वे इतने शिक्षित ही थे कि वे उनको भाषा, भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शरीर-रचना तथा वैज्ञानिक अनुसंधानों के सम्पूर्ण ज्ञान की शिक्षा दे सकें। अतः एक ऐसी नियमित संस्था की आवश्यकता अनभव होने लगी जो सामाजिक तथा सांस्कृतिक सम्पति को सुरक्षित रख सके तथा उसे विकसित करके भावी पीढ़ी को हस्तांतरित कर सके। इस दृष्टी से स्कूल का जन्म हुआ। ध्यान देने की बात है कि आरम्भ में स्कूलों से केवल उच्च वर्ग के लोगों ने ही लाभ उठाया। जनसाधारण के लिए स्कूलों की स्थापना करना केवल आधुनिक युग की देन है। जैसे-जैसे जनतंत्रवादी दृष्टिकोण विकसित होता गया, वैसे-वैसे स्कूलों के रूप में भी परिवर्तन होता चला गया।

प्राचीनकाल से ही भारत एक धर्म प्रधान देश रहा है. परन्तु प्रारम्भ में हमारे देश में आदर्श धर्म देखने को मिलता था, जिसमें आडम्बरों और अंधविश्वासों का कोई स्थान नहीं था. इसलिए भारतीय समाज का विकास भी स्वस्थ परम्परा के अनुसार ही हो रहा था.

**कुछ धार्मिक संस्थान आधुनिक मन के लिए प्रवचनों और प्रकाशनों के माध्यम से 'धर्मी' मूल्य प्रणाली को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने में उपयोगी होते हैं। यह समाज को सामूहिक रूप से सही मूल्य प्रणाली को विकसित करने, साझा करने और अभ्यास करने में मदद करता है। यह बदले में समाज के उत्थान और सुधार में और अनिवार्य रूप से चरित्र और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में मदद करता है। सभी धर्म व्यक्ति को अच्छे कर्म करने, दूसरों की देखभाल करने और सही या नैतिक कार्य करने का आदेश देते हैं। हमारी एक लंबी परंपरा रही है जहां भारत में व्यक्ति और उद्योग 'समाज की देखभाल' को उतना ही प्रोत्साहित करते हैं जितना कि व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के भविष्य के विस्तार के लिए धन का सृजन करना।**

लेकिन विदेशियों के आगमन के साथ ही धीरे-धीरे सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में बुराइयों का प्रवेश प्रारम्भ हो गया और भारत में अंग्रेजी शासन के कायम होने तक ये बुराइयां अपनी चरम सीमा पर पहुँच गई थीं. अंग्रेजी राज्य की स्थापना के बाद हिन्दू धर्म अनेक कुरीतियों का शिकार हो गया जिसका प्रभाव समाज पर भी पड़ा. सम्पूर्ण देश में अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अन्धकार छा गया. सती-प्रथा, बाल विवाह, बहु विवाह, जाति प्रथा, बाल हत्या इत्यादि अनेक कुरीतियां समाज में व्याप्त हो गयी.

इन बुराइयों का अंत करने के लिए एक संगठित धर्म तथा समाज सुधार आन्दोलन प्रारंभ हुआ. इसी दौरान एक समाज एवं धर्म सुधारक भारत के रंगमंच पर प्रकट हुए उन्होंने इस आंदोलन को व्यापक रूप प्रदान किया. समाज सुधारकों में राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती, ईश्वर चंद्र विद्यासागर आदि प्रमुख हैं. धर्म एवं समाज सुधार आन्दोलन के पीछे कई कारण थे जैसे यूरोपीय सभ्यता का प्रभाव, नवीन मध्यम वर्ग का उदय, सामाजिक गतिशीलता, सुधारकों का प्रभाव इत्यादि. अंग्रेजी सरकार ने भी इन बुराइयों को दूर करने में भारतीय सुधारकों के साथ सहयोग किया. जिसका परिणाम हुआ कि हमारा समाज अंधविश्वास और कुरीतियों से बिल्कुल मुक्त हो गया.धर्म ने आज एक बहुत ही संस्थागत रूप ले लिया है। धर्म मूर्त और अमूर्त दोनों रूपों में पवित्र विश्वास और प्रथाओं की एक प्रणाली है। धर्म विचारधारा के साथ-साथ संस्था की दोहरी भूमिका निभा सकता है। सांस्कृतिक पहचान देने में धर्म एक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

धर्म एक नैतिक ढाँचा बनाने में मदद करता है और दैनिक जीवन में मूल्यों के लिए एक नियामक भी है। यह विशेष दृष्टिकोण किसी व्यक्ति के चरित्र निर्माण में मदद करता है। दूसरे शब्दों में, धर्म समाजीकरण की एक एजेंसी के रूप में कार्य करता है। इस प्रकार, धर्म प्रेम, सहानुभूति, सम्मान और सद्भाव जैसे मूल्यों के निर्माण में मदद करता है।

कुछ धार्मिक संस्थान आधुनिक मन के लिए प्रवचनों और प्रकाशनों के माध्यम से ÷धर्मी÷ मूल्य प्रणाली को साझा करने के लिए एक मंच या मंच प्रदान करने में उपयोगी होते हैं। यह समाज को सामूहिक रूप से सही मूल्य प्रणाली को विकसित करने, साझा करने और अभ्यास करने में मदद करता है।

यह बदले में समाज के उत्थान और सुधार में और अनिवार्य रूप से चरित्र और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में मदद करता है। सभी धर्म व्यक्ति को अच्छे कर्म करने, दूसरों की देखभाल करने और सही या नैतिक कार्य करने का आदेश देते हैं। हमारी एक लंबी परंपरा रही है जहां भारत में व्यक्ति और उद्योग ÷समाज की देखभाल÷ को उतना ही प्रोत्साहित करते हैं जितना कि व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के भविष्य के विस्तार के लिए धन का सृजन करना।

इसने स्कूलों और कॉलेजों, अस्पतालों के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक और धर्मार्थ संस्थानों के निर्माण और विकास जैसे विभिन्न रूपों को धारण किया है, जो निरंतर आधार पर विभिन्न प्रकार की धार्मिक और कल्याणकारी गतिविधियों का समर्थन करता है। प्रत्येक धर्म अपने दर्शन को बढ़ावा देता है और इसका सार हमेशा लोगों का कल्याण और कल्याण रहा है। उदाहरण के लिए, सनातन धर्म में, वसुधैव कुटुम्बकम (पूरी दुनिया एक परिवार है), सर्वे सुखिनः भवन्तु (सभी को खुश रहने दें) जैसे विचार हैं जो समाज में प्रेम और करुणा का पोषण और विकास करते हैं।

शिक्षा अपने उद्देश्यों, पाठ्यक्रम और विधियों में मूल्यों से जुड़ी हुई है। यह शिक्षा के माध्यम से है कि समाज अपने पोषक मूल्यों को संरक्षित और बढ़ावा देना चाहता है। जो कुछ भी सीखा और आत्मसात किया जाता है वह यह निर्धारित करेगा कि छात्र भविष्य में अपना जीवन कैसे व्यतीत करेंगे। शैक्षिक संस्थान एक संरचित वातावरण प्रदान करते हैं जहां बच्चे सहयोग, कड़ी मेहनत, समय की पाबंदी, प्रतिबद्धता, ईमानदारी, साझाकरण, देखभाल, निष्पक्षता, मदद, स्वतंत्रता, जिम्मेदारी, विनम्रता, गर्व के मूल्यों को एक बच्चे में विकसित करने की आवश्यकता सीखते हैं। ईमानदारी का पाठ, सामाजिक न्याय, बच्चों को समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सहानुभूति के साथ संवेदनशील बनाना। लैंगिक समानता, बड़ों के प्रति सम्मान, सच्चाई, सहिष्णुता, शांति, प्रकृति और मानव जाति के लिए प्रेम, सकारात्मक दृष्टिकोण, आध्यात्मिकता, राष्ट्रवादी भावनाओं, देशभक्ति, अनुशासन की शिक्षा देने कई सार्वभौमिक मानवीय मूल्य जैसे सत्य, धार्मिक आचरण, शांति, प्रेम और अहिंसा साधक मानव व्यक्तित्व के शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक मानस और आध्यात्मिक पहलुओं से जुड़े हैं। ये सीधे स्कूलों और धार्मिक संस्थानों से प्रभावित हैं। बेहतर और मानवीय समाज के लिए इन मूल्यों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता और तात्कालिकता है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी , वु , वे, वो)**
आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल-मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
आज किसी समारोह का मुख्य हिस्सा बनने के पूर्ण योग हैं। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात-निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पड़ने के आसार हैं।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफ़ी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ-बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
आज आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ़्तर का तनाव आपकी सेहत ख़राब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा।

सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। आप अपना समय सही जगह उपयोग करने में कुछ हद तक सफल रहोगे।

# जीएम फसलों को ना कहना होगा

**कृषि जगत**

**भारत डोगरा**

हाल के वर्षों में किसानों के संकट का एक बड़ा कारण यह है कि उनकी आत्मनिर्भरता और स्वावलंबिता में भारी गिरावट आई है व वे कृषि की नई तकनीकों को अपनाने के साथ रासायनिक कीटनाशक, खरपतवारनाशक, रासायनिक खाद, बाहरी बीजों व उपकरणों पर बहुत निर्भर हो गए हैं।

उन्होंने यह निर्भरता स्वीकार तो उस उम्मीद से की थी कि यह उन्हें आर्थिक समृद्धि की ओर ले जाएगी, पर आरंभिक कुछ वर्षो की सफलता के बावजूद कुछ ही वर्षो में भूमि के उपजाऊपन पर इन रसायनों का प्रतिकूल असर नजर आने लगा व महंगी तकनीक का बोझ परेशान करने लगा। विशेषकर छोटे किसान तो कर्ज की मार से परोन रहने लगे। फसलों की नई किस्मों को लगने वाली नई तरह की बीमारियों व कीड़ों ने विशेष रूप से परेशान किया।

जहां जमीनी स्तर पर किसान इन अनुभवों से गुजर रहे थे, वहां बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के स्तर पर ऐसे प्रयास चल रहे थे कि किसानों पर अपना नियंत्रण और बढ़ा लिया जाए। इस नियंत्रण को बढ़ाने का प्रमुख साधन बीज को बनाया गया क्योंकि बीज पर नियंत्रण होने से पूरी खेती-किसानी पर नियंत्रण हो सकता है। अत॰ बड़ी कंपनियों ने बीज क्षेत्र में अपने पैर फैलाने आरंभ किए। पहले बीज के क्षेत्र में छोटी कंपनियां ही अधिक नजर आती थी, पर अब विव स्तर की बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छोटी-छोटी कंपनियों को खरीदना आरंभ किया।

जो बड़ी कंपनियां इस क्षेत्र में आई, वे पहले से कृषि रसायनों व विशेषकर कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों आदि के उत्पादन में लगी हुई थी। इस तरह बीज उद्योग व कृषि रसायन उद्योग एक ही तरह की कंपनी के हाथ में केंद्रीकृत होने लगा।

इससे यह खतरा उत्पन्न हुआ कि ये कंपनियां ऐसा बीज तैयार करेंगी जो उनके रसायनों के अनुकूल हो अथवा बीज को वे अपने रसायन की बिक्री का मायम बनाएंगी। अनेक बड़ी कंपनियों को लगा कि अपने विभिन्न उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, जैसे कि ऐसे बीज बनाना जो उनके रसायनों की बिक्री के अनुकूल हो, उन्हें जेनेटिक इंजीनियरिंग से अधिक मदद मिल सकती है। अत॰ इन कंपनियों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग में बड़े पैमाने पर निवेश करना आरंभ किया। जेनेटिक इंजीनियरिंग से प्राप्त फसलों को संक्षेप में जी.एम. (जेनेटिकली मोडीफाइड) फसल कहते हैं। जी.एम. फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार यह रहा है कि यह फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा यह असर जेनेटिक प्रदूषण के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है।

इस विचार को इंडिपेंडेंट साइंस पैनल (स्वतंत्र विज्ञान मंच) ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। पैनल में एकत्र हुए वि के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जी.एम. फसलों पर एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया, जिसके निष्कर्ष में उन्होंने कहा है-जी.एम. फसलों के बारे में जिन लाभों का वायदा किया गया था वे प्राप्त नहीं हुए हैं व यह फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं उपस्थित कर रहीं हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रांसजेनिक प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। अत॰ जी.एम. फसलों व गैर जी.एम. फसलों का सह अस्तित्व नहीं हो सकता है।

सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि जी.एम. फसलों की सुरक्षा या सेफ्टी प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण प्राप्त हो चुके हैं, जिनसे इन फसलों की सेफ्टी या सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूत्तर्ि नहीं हो सकती है, जिसे फिर ठीक नहीं दिया जा सकता है। जी.एम. फसलों को अब दृढ़ता से रिजेक्ट कर देना चाहिए, अस्वीकृत कर देना चाहिए। इन फसलों से जुड़े खतरे का सबसे अहम पक्ष कई वैज्ञानिकों ने यह बताया है कि जो खतरे पर्यावरण में फैलेंगे उन पर हमारा नियंत्रण नहीं रह जाएगा व बहुत दुष्परिणाम सामने आने पर भी हम इनकी क्षतिपूत्तर्ि नहीं कर पाएंगे। जेनेटिक प्रदूषण का मूल चरित्र ही ऐसा है। वायु प्रदूषण व जल प्रदूषण की गंभीरता पता चलने पर इनके कारणों का पता लगाकर उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं, पर जेनेटिक प्रदूषण जो पर्यावरण में चला गया वह हमारे नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

कुछ समय पहले देश के महान वैज्ञानिक प्रोफेसर पुष्प भार्गव का निधन हुआ है। वे 'सेंटर फॉर सेलयूलर एंड मॉलीक्यूलर बॉयोलाजी' हैदराबाद के संस्थापक निदेशक रहे व नेशनल नॉलेज कमीशन के उपायक्ष रहे। उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ यह भी जरूरी है कि जिन बहुत गंभीर खतरों के प्रति उन्होंने बार-बार चेतावनियां दीं, उन खतरों के प्रति हम बहुत सावधान बने रहें। विशेषकर जीएम फसलों के विरुद्ध उनकी चेतावनी बहुत महत्त्वपूर्ण है। सर्वोच्च अदालत ने प्रो. पुष्प भार्गव को जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रूवल कमेटी (जी.ई.ए.सी) के कार्य पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त किया।

जिस तरह जी.ई.ए.सी. ने बीटी बैंगन को जल्दबाजी में स्वीकृति दी; डॉ. पुष्प भार्गव ने उसे अनैतिक व एक बहुत गंभीर गलती बताया। प्रो. पुष्प भार्गव ने जेनेटिक रूप से संवंधित (जेनेटिकली मोडीफाइड) या जीएम फसलों का बहुत स्पष्ट और तथ्य आधारित विरोध किया, वह भी बहुत प्रखरता से। जीएम खाद्यों के बारे में यह भी सिद्ध हुआ है कि इनसे चूहों में कैंसर होता है। इसी लेख में उन्होंने और भी स्पष्ट शब्दों में कहा, यदि हम सही विज्ञान के लिए प्रतिबद्ध हैं व अपने नागरिकों को स्वस्थ भोजन उपलब करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं तो हमने जैसे जीएम बैंगन पर प्रतिबंध लगाया था, वैसे ही हमें जीएम सरसों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए और सभी जीएम फसलों को 'नहीं' कह देना चाहिए, जैसे कि यूरोपियन यूनियन के 17 देशों ने कह दिया है।

# फिलवक्त महंगाई नियंत्रण पर नजर

**सतीश सिंह**

महंगाई को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को रेपो दर में बार-बार इजाफा करना पड़ रहा है, क्योंकि इसमें बढ़ोतरी से ऋण दर में इजाफा होता है, लेकिन महंगाई में कमी आने की संभावना बढ़ जाती है।रेपो दर में वृद्धि से बैंक महंगी दर पर कर्ज देते हैं, जिससे लोगों के पास पैसों की कमी हो जाती है। कम आय और उत्पादों की ज्यादा कीमत होने से मांग में कमी आती है, और जब किसी उत्पाद की मांग में कमी आती है, तो उसकी कीमत में भी कमी आ जाती है। सात दिसम्बर की मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जिससे रेपो दर 5.90 से बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो गई। वैसे, खुदरा महंगाई अभी भी रिजर्व बैंक द्वारा तय महंगाई दर की ऊपरी सीमा 6.00 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। रिजर्व बैंक का मानना है कि वित्त वर्ष 2023 में खुदरा महंगाई 6.7 प्रतिशत रह सकती है। केंद्रीय बैंक इसे 4 प्रतिशत के स्तर पर लाना चाहता है, लेकिन वित्त वर्ष 2024 में भी महंगाई दर के 5.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। मौजूदा परिदृश्य में लगता है कि महंगाई लंबे समय तक परेशान करने वाली है। महंगाई के उच्च स्तर पर रहने के बावजूद ऋण दर में उल्लेखनीय तेजी आने की वजह से अर्थव्यवस्था थोड़ी बेहतर स्थिति में है अन्यथा जीडीपी वृद्धि की रफ्तार और भी कम होती। केंद्रीय बैंक के अनुसार 18 नवम्बर, 2022 तक बैंकों द्वारा दिया जाने वाला ऋण 17.2 प्रतिशत बढ़कर 129.48 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि 4 नवम्बर को ऋण वृद्धि दर 17 प्रतिशत थी। कर्ज की मांग में तब तेजी आ रही है, जब ऋण दर ज्यादा है, अगर यह सस्ती होती तो भारत में जीडीपी की रफ्तार और भी तेज होती। उधारी में उठाव और रेपो दर में वृद्धि की वजह से बैंकों को जमा बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है। विगत 12 महीनों में 12 सरकारी बैंकों में से महज 4 बैंकों ने जमा में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की जबकि एक को छोड़कर अन्य बैंकों की उधारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।




बैंक ऑफ महाराष्ट्र की उधारी में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जमा में 8 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई। सेंट्रल बैंक की ऋण वृद्धि दर 12 प्रतिशत है, लेकिन जमा वृद्धि दर महज 2 प्रतिशत। निजी बैंकों में भी ऐसे ही हालात हैं। सभी सूचीबद्ध निजी बैंकों में से केवल दो बैंकों ने ऋण के मुकाबले जमा में अधिक वृद्धि दर्ज की। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में जमा वृद्धि दर 37 प्रतिशत रही जबकि ऋण वृद्धि दर 32 प्रतिशत। यस बैंक की जमा वृद्धि दर 13 प्रतिशत रही जबकि ऋण वृद्धि दर 11 प्रतिशत।

18 नवम्बर, 2022 को बैंकों के जमा में वृद्धि पिछले साल की समान अवधि में 9.6 प्रतिशत बढ़कर 172.95 लाख करोड़ रुपये हो गई जो 4 नवम्बर के 8.2 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में थोडा ज्यादा है। बैंक बॉन्ड के जरिए भी पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने हाल में 10 वर्षीय इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के पहले निर्गम के जरिए 10,000 करोड़ जुटाए हैं।

मुद्रास्फीति की वजह से लोगों की खरीदने की क्षमता घट जाती है। भारत समेत अनेक देशों के लोगों की क्रय शक्ति कम हो गई है। ऐसे में लोगों की कमाई कम नहीं होती है, लेकिन मुद्रा की कीमत कम हो जाने से लोगों को किसी भी वस्तु को खरीदने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते, जिसके कारण वे न तो जरूरत के सामान खरीद पाते हैं, और न ही बचत कर पाते हैं। आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ने लगती हैं। उत्पादन और विकास दर, दोनों में गिरावट दर्ज की जाती है। रोजगार सृजन का कार्य बंद हो जाता है और लोगों के हाथों से रोजगार फिसलने लगते हैं। महंगाई की वजह से विविध उत्पादों की मांग में कमी आती है और मांग में कमी आने से कल-कारखानों को उत्पादन को कम करना पड़ता है, जिसके कारण कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ता है, और लंबी अवधि तक नकारात्मक स्थिति बनी रहने से कंपनियां बंद भी हो जाती हैं।

उच्च महंगाई दर के लिए घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय, दोनों कारण जिम्मेदार हैं जिनमें अंतरराष्ट्रीय कारण ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। भू-राजनैतिक संकट का अभी भी समाधान निकलता नहीं दिख रहा। रूस और यूक्रेन अभी भी अपने-अपने ईगो पर अड़े हुए हैं। इस वजह से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ रही है। चूंकि रेपो दर में बढ़ोतरी से महंगाई कम होती है, इसलिए महंगाई को सहनशीलता सीमा के अंदर लाने के लिए रिजर्व बैंक को ताजा मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर में इजाफा करना पड़ा। हालांकि, रेपो दर में ज्यादा बढ़ोतरी से विकासात्मक कार्यो पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, और बैंकों के लिए मुश्किलें बढ़ती हैं। बावजूद इसके, रिजर्व बैंक और सरकार फिलवक्त महंगाई को नियंत्रित करने की नीति पर चल रहे हैं क्योंकि लंबी अवधि में इससे विकास दर में तेज वृद्धि हो सकती है।

## सेहत — नारियल पानी का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए बन सकता है मुसीबत

नारियल पानी के सेवन से मिलने वाले अनगिनत स्वास्थ्य लाभों के कारण इसे जादुई पेय या प्रकृति का पेय भी कहा जाता है। हालांकि, इसके कुछ नुकसान आपको इसके सेवन पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर सकते हैं। नारियल पानी के अधिक सेवन से ब्लड प्रेशर प्रभावित होने और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलित होने सहित कई तरह के नुकसान पहुंच सकते हैं। आइए जानते हैं कि नारियल पानी के अधिक सेवन से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं।

**मधुमेह होने का रहता है खतरा**-नारियल पानी में कैलोरी की मात्रा मौजूद होती है। ऐसे में अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो इससे ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है और इंसुलिन में भी बदलाव आ सकता है। इंसुलिन में बदलाव आने से मधुमेह का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में मधुमेह रोगियों को डॉक्टर की सलाह के बाद ही नारियल पानी पीना चाहिए और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रोजाना एक नारियल का पानी पीना ही काफी होता है।

**इलेक्ट्रोलाइट हो सकते हैं असंतुलित**-नारियल पानी में मौजूद उच्च पोटेशियम के कारण यह एक अद्भुत पेय है, लेकिन यही कारण अधिक मात्रा में सेवन करने पर नारियल पानी को घातक भी बना सकता है।



दरअसल, नारियल पानी के अधिक सेवन से इलेक्ट्रोलाइट्स के असंतुलित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। बता दें कि शरीर हमारे द्वारा खाए जाने वाले खाने और पानी से इलेक्ट्रोलाइट्स बनाता है। ये इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में फैलकर शारीरिक कार्यों में ऊर्जा देते हैं।

**पेट से जुड़ी समस्याएं**-नारियल पानी का अधिक सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे गैस, उल्टी समेत पेट में दर्द जैसी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस वजह से यह जरूरी है कि आप नारियल पानी का सीमित मात्रा में सेवन करें। बेहतर होगा कि आप हर दिन अपने नारियल पानी के सेवन पर ध्यान दें, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा।

**बढ़ सकता है वजन**-अधिक मात्रा में नारियल पानी पीने से वजन बढ़ने की संभावना भी बढ़ सकती है और इसकी मुख्य वजह इसमें मौजूद हाई कैलोरी है। बढ़ता वजन एक गंभीर समस्या हैं, जिसके कारण शरीर कई बीमारियों का घर बना सकता है। वैसे कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं के कारण भी लोगों का वजन बढ़ने लगता है, इसलिए बढ़ते वजन की असल वजह जानने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।

**ब्लड प्रेशर में ला सकता है गिरावट**-नारियल पानी के अधिक सेवन से ब्लड प्रेशर भी प्रभावित हो सकता है। इससे ब्लड प्रेशर के कम होने की संभावना बढ़ सकती है। बता दें कि अगर किसी व्यक्ति का ब्लड प्रेशर सामान्य (120/80 एमएमएचजी) से कम हो तो उसे लो ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। इसके कारण बार-बार चक्कर आना या अचानक धुंधला दिखना देना आदि लक्षण सामने आ सकते हैं।

## एक नजर

### अब तक 30 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी



**सुकमा,9 दिसम्बर।** सुकमा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में अब तक 30 हजार 730 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है। सुकमा धान खरीदी केन्द्र पर धान विक्रय करने पहुंचे मुरतोण्डा के पूर्व सरपंच रहे कृषक फूलसिंह बघेल ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र पर प्रशासन द्वारा समस्त व्यवस्था दुरुस्त रखी गई है। तौल कांटा भी सही है और बारदाना की गुणवत्ता भी बेहतर है। उन्होने बताया कि खरीदी केन्द्रों की वृद्धि से सभी कृषकों को धान बेचने में सहुलियत हो रही है। पूर्व की भांति अब कृषकों को अपनी उपज लेकर लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। जिला खाद्य अधिकारी जयवर्धन ठाकुर ने बताया कि जिले के 22 धान खरीदी केन्द्रों में से 18 में खरीदी प्रारंभ की जा चुकी है। शेष 4 केन्द्रों में भी शीघ्र ही खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी। इस विपणन वर्ष जिले में कुल 16 हजार 389 पंजीकृत किसानों द्वारा 39608.128 हेक्टेयर भूमि पर धान की फसल ली गई है। इस वर्ष छिंदगढ़ विकासखंड अंतर्गत चिड़पाल एवं गुडरा में नवीन धान खरीदी केंद्र खोले गए हैं।

### अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल शफी अहमद का दौरा कार्यक्रम

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल (कैबिनेट मंत्री दर्जा) श्री शफी अहमद 9 एवं 10 दिसम्बर 2022 को दो दिवसीय रायगढ़ जिले के प्रवास पर आयेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री शफी अहमद 9 दिसम्बर को प्रातः 7 अंबिकापुर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11 बजे औद्योगिक पार्क पूंजीपथरा रायगढ़ आयेंगे एवं नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन द्वारा आयोजित श्रमिक सभा कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं दोपहर 1 बजे श्रमिक चौपाल में सम्मिलित होंगे। श्री अहमद अपरान्ह 3 बजे सर्किट हाऊस भवन में जिले के श्रम विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। शाम 4.30 बजे से शाम 6 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रात 8 बजे सर्किट हाऊस भवन में रायगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के संस्थान, संगठनों व नियोजकों से मंडल संबंधित चर्चा करेंगे।

# भाजपा का अभियान मोर आवास-मोर अधिकार से घबराई प्रदेश सरकार:देवेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद।** मोर आवास मोर अधिकार के तहत गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर अधूरे आवासों को पूर्ण कराने तथा आवास के शेष किस्तों की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चला जा रहे अभियान व आगामी समय में होने वाले आंदोलन से घबराकर प्रदेश के भूपेश सरकार ने अंततः पीएम आवास योजना के तहत रोके गए किस्तों को जारी किया है। उक्त बातें भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कही।देवेंद्र चंद्राकर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक प्रमुख योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को भूपेश सरकार द्वारा पिछले चार सालों से दबा कर रखा गया। गरीबों को योजना के लाभ से वंचित रखा गया। अब भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरीब हितग्राहियों की सुध लेते हुए मोर आवास-मोर अधिकार अभियान के तहत गांव-गांव जाकर हितग्राहियों से उनके अधूरे आवास की जानकारी लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार




करने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कांग्रेसी मुख्यमंत्री ने गरीबों के आक्रोश को दबाने व भाजपा द्वारा आंदोलन के पूर्व ही घबराकर आनन-फानन में अधूरे आवास के शेष किस्त जिन्हें प्रथम किस्त मिला उन्हें द्वितीय, द्वितीय किस्त वालों का तृतीय तथा तृतीय किस्त वालों का चौथे किस्त डाला है।

देवेंद्र ने कहा कि अपने आपको गांव-गरीब-किसान का सरकार कहने वाला छग के भूपेश सरकार यदि गरीबों की हितैषी है तो पिछले चार सालों से पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि क्यों नहीं डाल पाया। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 15 लाख आवासों में 11 लाख आवास को निरस्त कर 4 लाख ही स्वीकृत किया, उन्हें भी राशि नहीं मिली। पिछले चार साल के दरमियान वह हितग्राही जिन्हें पीएम आवास स्वीकृत किया गया, उन्हें प्रथम, द्वितीय किस्त देकर शेष राशि जारी ही नहीं की गई। वे हितग्राही आवास बनने के आस में अपने झोपड़ी तोड़कर निर्माण कार्य तो शुरू कर लिए, लेकिन शेष किस्त छग के कांग्रेस सरकार द्वारा रोके जाने से उनका पक्का आवास का सपना अधूरा ही रह गया। गर्मी, बारिश, सर्दियों के मौसम में तालपतरी तान कर अधूरे आवासों में रहना पड़ा। चंद्राकर ने कहा कि अनेक हितग्राही तो ऐसे भी हैं जिन्होंने अधूरे आवासों को इस आशा और विश्वास के साथ कर्ज लेकर पूरा कर लिया कि किस्त आते ही उधारी चुका देंगे। लेकिन, चार सालों से राशि नहीं मिलने से ऐसे हितग्राही साहूकार व दुकानदार को ब्याज देते-देते थक गए और कांग्रेस सरकार को कोसते रहे। अनेक हितग्राहियों ने व्यापारियों से छड़, सीमेंट, रेत, गिट्टी तक कर्ज लेकर खरीदे, जो राशि नहीं मिलने की वजह से रेत पानी में बह गए, सीमेंट पड़े-पड़े पत्थर हो गए। उन्होंने कहा कि गरीबों को हुए इस नुकसान की भरपाई छग के भूपेश सरकार को करनी चाहिए। प्रत्येक हितग्राहियों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए उनके खातों में 30-30 हजार रुपए डाला जाए। भाजपा सहकारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चंद्राकर ने आगे कहा कि ऐन चुनाव के साल भर पहले ही पीएम आवास का किस्त डालना गरीबों को आक्रोश को दबाने का असफल प्रयास है। गरीब हितग्राहियों को परेशान कर छग की भूपेश सरकार ने जो घृणित मानसिकता का परिचय दिया है, इसका खामियाजा आगामी विस चुनाव में कांग्रेस को भुगतना होगा।

### संभागायुक्त अवकाश पर चौहान होंगे प्रभारी आयुक्त

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग 8 दिसम्बर को शाम से लेकर 12 दिसम्बर सवेरे तक अवकाश पर रहेंगे।

इस दौरान अपर आयुक्त श्री कुमार लाल चौहान संभागायुक्त के प्रभार पर रहेंगे।

### राजीव युवा मितान क्लब के नोडल अधिकारी बने अपर कलेक्टर पाण्डेय

**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** शासन द्वारा संचालित राजीव युवा मितान क्लब से संबंधित कार्यों के इस जिले में सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय को अपने वर्तमान कार्यों के साथ ही अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त राजीव युवा मितान क्लब के नोडल अधिकारी बनाए गए है।

# क्रमोन्नति व पूर्ण पेंशन के लिए मुहिम चलाएगा छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,9 दिसंबर।** वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत क्रमोन्नति देने व प्रथम नियुक्ति तिथि से अर्हकारी सेवा (पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा) मान्य करते हुए पुरानी पेंशन की गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जल्द ही सक्षम अधिकारियों से मिलकर मांग पत्र सौपेगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, एलडी बंजारा, तनु ठाकुर, जयेश टोपनो, अनिल रावत व जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा है कि पदोन्नति में वन टाइम रिलेक्सेशन का लाभ सहायक शिक्षकों को मिला है, आगे शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति का लाभ प्राप्त होगा, पर पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान व शिक्षक एवं व्याख्याता संवर्ग के लिए समयमान वेतनमान के लिए सरकार को निर्णय लेना होगा, इस विषय पर फार्मूला के तहत शासन के समक्ष ज्ञापन दिया जाएगा। प्रथम नियुक्ति तिथि की गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने ज्ञापन सौपा जाएगा। छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन लागू हो गई है, किन्तु पूर्ण पेंशन 1 लाख 65 हजार शिक्षको का मामला है जिसमे एल बी संवर्ग के 70 हजार सहायक शिक्षक एवं 95 हजार शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला व व्याख्याता है, पुरानी पेंशन में अभी बड़ी पेंच है, शिक्षक संवर्ग के एनपीएस कटौती की राशि के सम्बंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रयासरत है,किन्तु अब तक पीएफआरडीए द्वारा राशि जारी नही किये जाने से शिक्षक संवर्ग चिंतित है,शिक्षक संवर्ग का पेंशन राशि शिक्षको के खाता में प्रक्रिया अपनाकर जल्द जारी किया जावे। 1 अप्रैल 2022 से पुरानी पेंशन लागू होने के बाद अब तक सैकड़ो शिक्षक संवर्ग खाली हाथ रिटायर हो गए है, उनकी व्यवस्था शासन शीघ्र करे, प्रदेश में संविलियन हुए शिक्षक अपनी पेंशन की

# 3.29 करोड़ की ठगी के मामले में 3 पर एफआईआर दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 दिसंबर।** भिलाई पटना के एक्सीस बैंक में काम करने वाले दो कर्मचारियों व एक एक की पत्नी ने मिलकर दुर्ग के उद्योपगति से तीन करोड़ 29 लाख 24 हजार रुपये की ठगी की है तीनों आरोपितों ने बिचौलिया बनकर शिकायतकर्ता व उसके कंपनी के संचालकों की मुलाकात कुछ अन्य कंपनी वालों से कराई थी। शिकायतकर्ता की कंपनी स्क्रैप सप्लाई का काम करती है आरोपितों ने मुनाफे में से 0.5 प्रतिशत कमीशन मांगा था आरोपितों ने जिन कंपनी वालों से मुलाकात कराई थी शिकायतकर्ता ने उन कंपनियों के साथ दो साल तक व्यापार भी किया। लेकिन, बीच में कोरोना संक्रमण फैलने के कारण शिकायतकर्ता उन कंपनियों को स्क्रैप की सप्लाई नहीं कर सका था। जबकि कंपनी वालों ने उसे पहले ही रुपये भेज दिए थे। आरोपितों ने उन कंपनियों को वापस लौटाने के नाम पर रुपये लिए और खुद ही रख लिए पुलिस ने बताया कि आर्य नगर दुर्ग निवासी सुनील राज दयाल राय और राय की आर्बिट इलेक्ट्रोममेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक कंपनी है। दोनों ने शिकायतकर्ता प्रवीण राय को कंपनी की देखरेख के लिए अधिकृत किया है उसने काली मंदिर रोड हनुमाननगर कंकड़ बाग पटना बिहार निवासी आरोपित मनीकांत, उसकी पत्नी सुषमा और आनंद के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। आरोपितों में मनीकांत और आनंद पटना के एक्सीस बैंक के कर्मचारी हैं। तीनों आरोपित अक्टूबर 2019 में शिकायतकर्ता से उसके घर पर आकर मिले थे उन्होंने उनके साथ ब्रोकर बनकर काम करने की बात कही थी। लेकिन, आरोपितों की खुद की कोई कंपनी नहीं थी। इसलिए उन्होंने कहा था कि वे कुछ कंपनी वालों को पहचानते हैं। जो उनसे स्क्रैप खरीदेंगे। उस व्यापार से होने वाले मुनाफा में से उन्हें 0.5 प्रतिशत लाभ कमीशन के रूप में चाहिए। आरोपितों की बातों पर विश्वास करते हुए शिकायतकर्ता व कंपनी के संचालकों ने उनके बताए हुए कंपनी के मालिकों से मुलाकात की। इसके बाद 12 दिसंबर 2019 से लेकर 25 जनवरी 2022 तक उन्होंने उन कंपनियों के साथ व्यापार भी किया लेकिन, इसी अवधि में कोरोना संक्रमण फैलने के कारण व्यापार प्रभावित हो गया। स्क्रैप खरीदने वाली कंपनी के संचालकों ने शिकायतकर्ता की कंपनी के एडवांस में तीन करोड़ 29 लाख 24 हजार रुपये भेज दिए थे। लेकिन, संक्रमण के चलते वे स्क्रैप की आपूर्ति नहीं कर पाए। लिहाजा उन्होंने आरोपितों से कहा कि वे उन कंपनी के मालिकों को रुपये लौटाना चाहते हैं। इस पर आरोपितों ने कहा कि उन्होंने ही उन कंपनी के मालिकों से उनकी मुलाकात कराई थी। इसलिए वे उन रुपयों को उन्हें दे सकते हैं। वे लोग कंपनियों को सारे रुपये वापस कर देंगे। दो साल तक व्यापारिक संबंध होने के कारण शिकायतकर्ता ने आरोपितों को एक करोड़ 37 लाख 35 हजार रुपये बैंक खातों और एक करोड़ 91 लाख 89 हजार रुपये नकद दिए। उन रुपयों को लेने के बाद आरोपितों ने उन्हें कंपनियों को वापस न कर खुद ही रख लिए कुछ दिनों बाद जब कंपनी संचालकों ने अपने रुपयों के लिए उन्हें फोन किया तब उन्हें आरोपितों की करतूत के बारे में जानकारी हुई इसके बाद शिकायतकर्ता ने मोहन नगर थाना में शिकायत की जिसके आधार पर आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई है आरोपितों ने शिकायतकर्ता से कुछ कंपनियों के रकम लौटाने के नाम पर लिए थे रुपये लिए गए रुपयों को आरोपितों ने खुद किया हजम, पुलिस ने दर्ज कीएफआइआर।

# संविदा डॉक्टर का स्थानांतरण के बाद भी नहीं छूट रहा सरकारी मकान का मोह



### तपकरा मे कम पत्थलगांव मे दे रहे ज्यादा चिकित्सा सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,9 दिसंबर।** यहा के सिविल हॉस्पिटल मे संविदा पद पर कार्यरत रहे डॉक्टर का दूसरे ब्लाक मे स्थानांतरण हो जाने के बाद भी यहा के सरकारी मकान से मोह नही हट रहा है। उसके अलावा डॉक्टर अपने नये पदस्थापना स्थान से ज्यादा खुश नजर नही आ रहे,यही कारण है कि वे सप्ताह के अधिकांश दिन सिविल हॉस्पिटल द्वारा दिया गया मकान मे रहकर अपना क्लीनिक संचालित कर रहे है। चिकित्सा विभाग मे इस तरह की लापरवाही देखकर जिम्मेदार लोगो पर उंगलियां उठनी शुरू हो गयी है। दरअसल वर्ष 2020 के दौरान चिकित्सा विभाग ने सिविल हॉस्पिटल मे पदस्थ संविदा डॉक्टर राजेन्द्र कुमार निषाद को परिसर मे स्थित आर-5,जी टाईप का मकान रिक्त होने पर उन्हे निवास के लिए आबंटित कर दिया था,परंतु अगस्त 2022 मे डॉक्टर आर.के.निषाद का स्थानांतरण ब्लाक फरसाबहार के तपकरा 20 बिस्तर वाले हॉस्पिटल मे कर दिया गया है,परंतु उक्त डॉक्टर ने शासकीय आदेश को अब तक मानना जरूरी नही समझा। उनके द्वारा महिने के अधिकांश दिन पत्थलगांव मे रहकर अपने सरकारी निवास मे क्लीनिक संचालित किया जा रहा है,साथ ही उन्होने दूसरे डॉक्टर के नाम आबंटित मकान को भी खाली करने मे रूचि नही दिखायी है। उसका खामियाजा नयी पदस्थापना होकर यहा आयी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर को उठाना पड रहा है। मिली जानकारी के अनुसार डॉ.आर.के निषाद को आबंटित मकान माह अगस्त के दौरान ही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के नाम आबंटित कर दिया गया है,परंतु उक्त महिला डॉक्टर को आज तक उसके नाम पर आबंटित मकान हासिल नही हो पाया है। चिकित्सा विभाग मे चल रही लापरवाही के कारण अन्य डॉक्टर एवं शासकीय कर्मचारीयों मे रोष पनपने लगा है। एक कर्मचारी ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि मकान मे कब्जा जमाकर बैठे डॉक्टर द्वारा सरकारी निवास का किराया भी पिछले लंबे समय से जमा नही किया गया है,जिसके कारण एक ओर शासकीय आदेश की धज्जियां उड रही है तो वही चिकित्सा विभाग के राजस्व को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।।

--जिला चिकित्सा अधिकारी को डॉक्टर द्वारा मकान खाली ना करने के संबंध मे अवगत करा दिया गया है,साथ ही डॉक्टर को भी मकान खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया। यहा क्लीनिक संचालित करते पाये जाते है तो कार्यवाही की जायेगी।

**डॉ.जेम्स मिंज-ब्लाक चिकित्सा अधिकारी-पत्थलगांव**

# शिक्षक अधिकार संघ ने संचालक को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 9 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक अधिकार संघ ने सौंपा सुनील जैन संचालक लोक शिक्षण संचालालय को ज्ञापन 1/11/2022 कि स्थिति में अंग्रेजी विषय में जीतने भी सहायक शिक्षकों ने स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण किए है सभी को सहायक शिक्षक एल बी सेशिक्षक पर पदोन्नत करने हेतु वरिष्ठता सूची में नाम शामिल करने हेतु लोक शिक्षा संचालक सुनील जैन जी माननीय शिक्षा मंत्री प्रेम साय सिंह टेकाम जी को ज्ञापन दिया गया कबीरधाम् जिला में स्थानांतरित सहायक शिक्षको , शिक्षक व्याख्याता को सम्बन्धित शाला हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा रिलीव नहीं करने के मामले में शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें समस्त शिक्षको को तत्काल संबंधित शाला हेतु कार्यमुक्त करने की मांग किया गया ज्ञापन सौंपने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक अधिकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष धरमदास बंजारे, मानपुर मोहला ब्लॉक से अनीता यादव जी पाटन ब्लॉक से लछ्मी नारायण बंजारे धमतरी जिला से अमृत साहू जी बेनिराम साहू जी चंद्रप्रकाश साहू जी योगेंद्र कुमार जिला मीडिया प्रभारी राजेश बंजारे उपाध्यक्ष पुनेश्वरी साहू जी कवर्धा जिला से स्थांतरित सभी साथी गण पदाधिकारी उपस्थित रहे ।





**जामुल ।** जिला योजना समिति निर्वाचन में मतदान करते हुए पूर्व नपाध्यक्ष रेखराम बंछोर।

### शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति सही स्थान पर लगे



**रायपुर,9 दिसंबर।** आदिवासी कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष भवानी सिंह मरकाम ने कहा है कि जय स्तंभ चौक रायपुर के पास शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति सुलभ शौचालय की बाउंड्रीवॉल के अंदर लग रही है जो कि चिंताजनक है। आदिवासी कांग्रेस चाहती है कि सुलभ शौचालय के आगे वाली जगह पर शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति लगाई जाए। इस मांग को लेकर आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करेंगे।

### जैन साध्वी महकप्रभा एवं मोहकप्रभा की बड़ी दीक्षा सम्पन्न

रायपुर, 9 दिसंबर। नवकार भवन बैरनबाजार में जैनाचार्य विजयराज महाराज की आज्ञानुवर्तिनी साध्वी प्रभावती कीर्तिश्री एवं साध्वी सुभद्रा एवं शुभंकराश्री आदि के सानिध्य में नवदीक्षित साध्वी महकप्रभा एवं मोहकप्रभा की बड़ी दीक्षा उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष सानंद सम्पन्न हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों से काफी भाई बहन उपस्थित थे। इस प्रसंग पर शांत-क्रांति संघ के भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष-प्रकाशचंद श्रीश्रीमाल रायपुर संघ अध्यक्ष संतोष गोलछा, महामंत्री सुशील गोलछा, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के अध्यक्ष सुभाष लोढा, महामंत्री रतनलाल गोलछा, सुमधुर गायक महावीर संचेती, विजयजी बागरेचा, श्रीमती उषाजी रामपुरिया, निशाजी गोलछा आदि ने अपने भाव प्रगट किए वही शांत क्रांति महिला मंडल ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा ने चातुर्मास की सफलता बताते हुए मार्ग के नाम को आचार्य विजयराज मार्ग घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की वैसे ही जय-जयकार के नारों से भवन गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन वैभव गोलछा ने किया। इस प्रसंग पर वीर पिता संतोषजी बाघमार एवं मिथलेश जी साहू ने चातुर्मास के लिए कृतज्ञता व्यक्त किये।

# जिले में सड़कों का निर्माण कार्य जारी, हो रही नियमित मॉनिटरिंग



**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** जिले में जर्जर सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य जारी है। अधिकारी नियमित रूप से बैठक लेकर और फील्ड विजिट के माध्यम से कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ठेकेदारों के काम की हर हफ्ते समीक्षा की जा रही है, जिससे सड़क निर्माण कार्य में प्रगति देखने को मिल रही है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री आर.के.खांबरा ने जिले में सड़कों के निर्माण कार्य के प्रगति के बारे में बताया कि सड़कों में अलग-अलग चरणों में कार्य चल रहे हैं। सड़कों पर जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, रिटर्निंग वाल का निर्माण, डामरीकरण जैसे कार्य किए जा रहे है।

उन्होंने बताया कि चन्द्रपुर-डभरा-खरसिया-छाल-हाटी-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग लंबाई 91 कि.मी. मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। इसी तरह मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग धरमजयगढ़ से भण्डारीमुड़ा, ग्राम बायसी के पास एवं बाकारूमा से चरखापारा के बीच डामर स्केरिफाईंग कर जीएसबी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। वर्तमान में मार्ग में 20 कि.मी.मिट्टी कार्य, 3.50 कि.मी.सबग्रेड कार्य, जीएसबी-4.50 कि.मी.(प्रथम परत), रिटर्निंगवॉल-708 मीटर, नाली-3120 मीटर पूर्ण कर लिया गया है तथा पुल-पुलिया-14 नग पूर्ण एवं 3 नग प्रगति पर है। रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग के 56 कि.मी.भाग में चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। उर्दना तिराहा मार्ग, केलो डेम के पास, स्टार ढाबा से लेकर गेरवानी बस्ती एवं तराईमाल से बंजारी घाट तक जो मार्ग क्षतिग्रस्त था उसमें डामर स्केरिफाईंग कर जीएसबी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। मार्ग में-700 मीटर में रिटर्निंगवाल पूर्ण हो गया है। जीएसबी-5 कि.मी., रिनिवल भाग में पेच कार्य 2 कि.मी., डामर स्केरिफाईंग-4.50 कि.मी.सोल्डर में जीएसबी एवं डब्ल्यूबीएम-19.50 किमी, डीबीएम-8 कि.मी., नाली-1300 मीटर एवं पुल-पुलिया 2 नग प्रगति पर है। घरघोड़ा से जामपाली 138/8 से 157/6 कि.मी. तक कुल 19 कि.मी. में चौड़ीकरण एवं मजबूती कार्य के तहत मार्ग में जीएसबी-3.35 कि.मी.(11 मीटर पुरी चौड़ाई में) एवं 8.25 कि.मी.(2.50 मीटर चौड़ाई में दोनो तरफ),डब्ल्यूएमएम 0.65 कि.मी., डामरीकरण-0.625 किमी, नाली-625 मीटर, डामर स्केरिफाईंग-1.50 कि.मी.एवं पुल-पुलिया 2 नग पूर्ण एवं 01 नग प्रगति पर है। छाल-घरघोड़ा मार्ग लंबाई 23.40 कि.मी.में उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य-मार्ग में डामर स्केरिफाईंग-10.40 कि.मी., सबग्रेड-2.60 कि.मी.,जीएसबी-1.20 कि.मी.,डब्ल्यू.एम.एम.-2.63 कि.मी. (प्रथम परत)डीबीएम-3.80 कि.मी.बी.सी.-0.90 कि.मी., मिट्टी सोल्डर-2.63 कि.मी.नाली-1107 मीटर पूर्ण, टोवॉल-400 मीटर, रिटर्निंगवाल-452 मीटर नाली-337 मीटर एवं पुल पुलिया-05 पूर्ण एवं 4 नग प्रगति पर है। घरघोड़ा-लैलूंगा मार्ग लंबाई 15 कि.मी.में उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य-मार्ग में डब्ल्यूबीएम 1.00 कि.मी., डामर नवीनीकरण 1.00 कि.मी.का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सभी मार्गो के निर्माण कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है तथा मार्ग में वाहनों का सतत आवागमन हो रहा है।

### जिले में अब तक 7.50 लाख क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी



**रायगढ़, 9 दिसम्बर।** जिले में धान कटाई में आयी तेजी के साथ ही उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक में बढ़ोत्तरी हुई है। जहां बीते सप्ताह धान उपार्जन की मात्रा 2 लाख क्विंटल थी वहीं अब बढ़कर 7 लाख क्विंटल से अधिक की खरीदी हो चुकी है। जिले में अब तक 16 हजार 203 किसानों ने धान विक्रय कर चुके है। धान की आवक बढ़ने से उपार्जन केन्द्रों में रौनक बढ़ने लगी है। उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं श्री सी.एस.जायसवाल ने बताया कि जिले के 100 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 7 लाख 59 हजार 857 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। धान उपार्जन के साथ उठाव भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी केंद्रों में पर्याप्त बारदाने उपलब्ध करवाया गया है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सहकारी समितियों में किया जा रहा है।

### निधन
### हाजी अब्दुल गफ्फार मेमन

**गरियाबंद।** गरियाबंद के किराना व्यापारी संघ के संरक्षक और वरिष्ठ थोक व्यवसाई हाजी अब्दुल गफ्फार मेमन का आज सुबह इंतकाल हो गया उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। छोटे बड़े व्यापारी और नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि उन्हें श्रद्धांजलि देने उनके निवास पहुंचे। हाजी अब्दुल गफ्फार मेमन को जिले के व्यापारी और लोग बस स्टेंड वाले आलू वाले सेठ के नाम से जानते थे। 70 वर्षीय हाजी अब्दुल गफ्फार भाई मेमन, रिजवान मेमन सुफियान मेंमन एवं फैजान मेमन के पिता थे। पत्रकार फारुख मेमन किराना व्यापारी याकूब मेमन तथा इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी अयूब मेमन के वे बड़े भाई थे, बीते कुछ समय से वे बीमार चल रहे थे तथा आज सुबह 6:30 बजे रायपुर के निजी हॉस्पिटल में उनका निधन हो गया उनके अंतिम विदाई यात्रा में लोगों का हुजूम उमड़ पडा। जुम्मा नमाज़ के बाद जनाजे की नमाज पढ़ी गई और गरियाबंद कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त किए।

## एक नजर

### पंजीयन शिविर में दिव्यांगजनों का यूनिक आईडी कार्ड बनाया गया



**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत पंचायत भवन लटुवा में मोहतरा, ढाबाडीह, झोंका, शुक्लाभाठा के दिव्यांगजनों का यूनिक आई डी कार्ड यूनिक डी आई डी कार्ड एवं भारत माता वाहिनी समूह का पंजीयन करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 हितग्राही उपस्थित हुए थे।य जिनमें 5 दिव्यांगजनों छडी, 02 दिव्यांग को ट्रायसायकल, 01 दिव्यांग को स्मार्टकेन छडी का वितरण किया गया एवं 25 दिव्यांगजनों का यूनिक आई डी कार्ड हेतु पंजीयन कर फार्म भरा गया। ग्राम शुक्लाभाठा और झोंका के भारत माता वाहिनी समूह का पंजीयन किया गया। शिविर में भारत माता वाहिनी समूह को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी। उक्त शिविर में उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम सहित सभी पंचायत सचिव एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 12 दिसम्बर को

**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महानिदेशक प्रशिक्षण कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ नया रायपुर अटल नगर छ.ग. के तहत शासकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत 12 दिसम्बर 2022 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन सुबह 10.30 बजे से होगा। उक्त मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिशीप एवं प्लेसमेंट हेतु आंमत्रित किया गया है। शासकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखो एवं दस्तावेजों के साथ शामिल होकर अवसर का लाभ ले सकते है।

### हिमाचल प्रदेश में जीत की खुशी में झूमे कांग्रेसी



**भाटापारा, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस की जीत व हिमांचल प्रदेश मे बहुमत के साथ कांग्रेस की जीत का जश्न मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ मनाया इस दौरान बडी संख्या मे लोग मौजूद रहे। जहाँ भूपेश बघेल जिंदाबाद कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाये गये जमकर फटाके फटाके फोडे व मिठाई बांटी गई। कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी रिकार्ड 21098 वोट से जीत हासिल की है इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कहा कि हिमाचल और छत्तीसगढ़ के भानूप्रतापपुर में जीत इस पार्टी की नीतियों की जीत है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनहितकारी योजनाओं और किसानों के प्रति उनके लगाव है। शर्मा हिमांचल प्रदेश चुनाव मे प्रभारी के रूप मे चुनाव प्रचार किया वहीं भानुप्रतापपुर उप चुनाव मे भी चाराम मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन के निर्देश पर पार्टी प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया इस दौरान शहर ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस इंद्र साव, अरुण यादव, किसान नेता हेमंत उपाध्याय, सचिंद्र शर्मा, जग्गा राव, मोहन निषाद, मुकेश लहरे, हरीश लहरे, अमित मार्कण्डे, जय बंजारे, सोनू लहरे आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम नेवधा में पर्यावरण विभाग की फैक्ट्री खोलने के लिए जनसुनवाई

# ग्रामीण महिलाओं ने मांगा रोजगार

- जनसुनवाई में कोई भी बड़ा नेता उपस्थित नहीं
- बीस एकड़ में होगा पौधारोपण 100 लोगों को मिलेगा रोजगार



**सिमगा, 9 दिसम्बर।** ग्राम नेवधा में पर्यावरण विभाग के द्वारा जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें स्काई आयरन ओर बेनिफिसेशन प्लांट की स्थापना के लिए शासन-प्रशासन व संयंत्र ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की व्यवस्था की गई थी जिसमें केसदा नेवधा सहित आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित थे। केसदा में स्थापित होने वाले फैक्ट्री के लिए पर्यावरण से संबंधित जन सुनवाई कार्यक्रम में केसदा की उपस्थित सैकड़ों महिलाओं ने कहा कि फैक्ट्री खोलो रोजगार दो बोलने वाली महिलाओं की संख्या इतनी अधिक थी कि विरोध में बोलने वाले जागरूक चंद लोगों के स्वर दब गए इतना ही नहीं संयंत्र का विरोध करने वाले लोगों की बोलने के समय में महिलाएं उनके विरोध में मुर्दाबाद के नारे लगाती रही और कहते रही कि हमर गांव में फैक्ट्री लगना चाही तथा योग्यता अनुसार रोजगार मिलना चाही।

संयंत्र प्रबंधक की ओर से कहा गया कि 60 एकड़ में संयंत्र की स्थापना होगी तथा उसी में से 20 एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण किया जाएगा तथा बोरवेल के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जाएगी संयंत्र के लिए शिवनाथ नदी के जल लिए शासन से अनुबंध किया जायेगा तथा ग्रामीण जनों को योग्यता के अनुसार एक सौ स्थानीय एवं क्षेत्रीय लोगों को रोजगार दिया जायेगा तथा संयंत्र के स्थापना के पश्चात उत्पादन के साथ ही 500 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा

शासन-प्रशासन तथा संयंत्र प्रबंधक के संयुक्त प्रयास से उपस्थित ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था पंडाल की व्यवस्था तथा पानी की व्यवस्था की गई थी भारी तादाद में पुलिस बल तैनात थी।

**कोई भी बड़ा नेता उपलब्ध नहीं**

ग्राम नेवधा केसदा दो विधानसभा में विभाजित है केसदा में संयंत्र खुलना है जो विधानसभा भाटापारा में आता है जनसुनवाई जहां हुई वह ग्राम नेवधा में हुई जो बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में आता है। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में दोनों ही विधायक कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुये सत्ता पक्ष से जुड़े कोई भी निर्वाचित नेता जनसुनवाई में नहीं आया। जनप्रतिनिधियों में सांसद प्रतिनिधि पूर्व जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष आनंद यादव रमेश सोनी मुरारी मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सभापति रायपुर शैली भाटिया चंदु साहू ने संयंत्र का विरोध करते हुए शिवनाथ नदी का पानी क्षेत्र का पर्यावरण प्रदूषण मुद्दा उठाया आदि सभी ने शिवनाथ नदी व भाटापारा शाखा नहर का पानी जो कृषि कार्य के लिए तथा भूजल श्रोत को लेकर चिंता जताते हुये संयंत्र का विरोध किया। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष डांक्टर कृष्णकुमार नायक कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्राम केसदा व नेवधा के ग्रामीणों ने फैक्ट्री का खुलकर समर्थन किया।

# दिखावे की जिंदगी और बढ़ते अपराध अत्यंत चिंताजनक

## बच्चों के पालक, टीचर, चाइल्डलाइन, सीडब्ल्यूसी, पुलिस, समाज की सामूहिक ज़िम्मेदारी से ही संभव है सुधार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 दिसंबर।** माना कि अलग-अलग कारणों से जीवन बेहद व्यस्त हो रहा है या हो गया है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने आसपास की गतिविधियों से मुंह फेर ले। विभिन्न कार्यों में व्यस्तता के बावजूद जब घर परिवार और आसपास की चीजों पर गंभीरता से नजर नहीं रखी जाती तो इसके परिणाम नकारात्मक ही आते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में घटित हो रही घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही हैं और खासतौर पर कम उम्र के बच्चों की अपराधों में संलिप्तता सबसे अधिक हैरान करती है। कुछ घटनाओं पर नजर दौड़ाने और विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित ऐसे घटना चक्र को करीब से जानने पर पता चलता है कि वर्तमान दौर के अपराध के पीछे कारण भी गजब के हैं। बदलती जीवन शैली और इसके प्रभाव में आने के साथ अलग-अलग वर्ग से वास्ता रखने वाले बच्चों और किशोरों की मानसिकता गंभीर तरीके से बदल रही है। अपनी इच्छा और महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए यह वर्ग किसी भी हद तक जाने के लिए न केवल उतावला है बल्कि कोई भी कदम उठाने की जोखिम ले रहा है।

हाल ही में शरीर सम्बन्धी अपराध नशे से सम्बंधित अपराध सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों की घटनायें प्रकाश में आइ है। इसी जिले में पुलिस ने चोरी के मामले में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पकड़ा जिन्होंने बलौदाबाजार जिले के एक विद्यालय में ग्रिल काटने के साथ 3 लाख रुपए के सामानों की चोरी कर ली। इनके कब्जे से लैपटॉप समेत कम्प्यूटर व काफी सामान बलौदाबाजार पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान जप्त किया है। पूछताछ के माध्यम से जानकारी ली गई। हैरान करने वाली जानकारी सामने आई कि इन लड़कों ने एक हम उम्र का बर्थडे मनाने के लिए पार्टी की और कुछ ज्यादा ही उत्साह दिखा दिया। उधारी हो गई 30 हजार की। अब सवाल यह था कि उधारी कैसे चुकता की जाए। ऐसे में सबसे आसान रास्ता यही समझ में आया कि पिछले दरवाजे से कोई रिस्क वाला काम करना चाहिए। छोटी बुद्धि लेकिन अपराधिक मानसिकता के साथ किए गए इस काम के कारण किशोरों का रिकॉर्ड खराब हुआ और उनकी पृष्ठभूमि भी जांच पड़ताल के दायरे में आ गई। अलग-अलग क्षेत्र में घटित होने वाली घटनाओं और उनके पीछे काम करने वाली मानसिकता को लेकर पुलिस और उसका तंत्र लंबे समय से विश्लेषण करता रहा है। ऐसे सभी मामलों को लेकर हम निष्कर्ष के जिस बिंदु पर पहुंचते हैं वह यह बताता है कि कुल मिलाकर नाबालिगों का ऐसे अपराध में शामिल होना ही समाज के लिए चिंताजनक है। इसके लिए केवल अपराध करने वाला ही नहीं बल्कि पालक भी जिम्मेदार हैं जो अपने बच्चों की गतिविधियों, संगति, शौक, उनके पास आ रहे महंगे सामानों के स्रोत और इस बारे मे कभी जानने की कोशिश नहीं करते। अनुसंधान की कार्यप्रणाली में पुलिस की टीमों ने इस बात पर भी गौर किया है कि ऐसा वर्ग जिसकी इच्छाएं तो अनंत हैं लेकिन पुर्ती के साधन नहीं है, वे महंगी बाइक से लेकर कार, मोबाइल, बर्थडे पार्टी में महँगे खर्चे आखिर कैसे और कहा से प्राप्त कर रहे है। लग्जरियस लाइफ स्टाइल और पब्लिक ग्राउंड में सबसे एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी दिखने की चाहत एक आयु वर्ग को कुल मिलाकर गलत दिशा में ले जा रही है और यह कहना गलत नहीं होगा कि दिखावे के चक्कर में यह वर्ग ऐसी अंधेरी खोह में प्रवेश कर रहा है जहां जाने का रास्ता तो है लेकिन सुरक्षित वापसी का विकल्प नहीं। स्वाभाविक है कि इस रास्ते में प्रवेश करने वालों के लिए आगे का रास्ता और मुश्किल भरा होगा ही। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ पुलिस का काम समाज को सही दिशा प्रदान करने और जागरूक करने का भी है और इस तरह लगातार काम किए जा रहे हैं। कई बार पालकों को भी बच्चों के लिए रोते गिड़गिड़ाते देखे गए हैं लेकिन समय जा चुका होता है सभी जिम्मेदार पालकों से आग्रह किया जाता है कि वे अपने मूल काम के साथ संतानों पर पर्याप्त ध्यान भी दे, ताकि परिस्थितियां अनुकूल बनी रहे।

### जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्रामीण औद्योगिक पार्क का निरीक्षण

# सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की बैठक लेकर स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार, 9 दिसंबर।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा ने आज ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रिपा) के अंतर्गत चयनित गौठान केसली, रोहरा का औचक निरीक्षण कर स्वीकृत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होनें नवापारा स्कूल का भी निरीक्षण कर स्कूल में चल रहे अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने इस दौरान बच्चों से मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी हासिल की। साथ ही बच्चों को आगे बढ़ने के लिए नीट, जेईई परीक्षा की जानकारी देते हुए शिक्षकों को अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने, प्रतियोगी परीक्षाएं हेतु विशेष तैयारी कराने का सुझाव दिया गया। उक्त अवसर पर सरपंच सहित सीईओ जनपद पंचायत सिमगा अमित दुबे, पंचायत विभाग के अन्य कर्मचारी, सचिव एवं गांव के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके उन्होनें पलारी विकासखंड अंतर्गत 103 पंचायतो के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की विशेष बैठक ली। जिसमे गोधन न्याय योजना, पैरा दान, मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होनें गांवो में पैरादान को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान, गौधन के तहत गोबर खरीदी, मनेरगा के तहत गांवों में रोजगार मूलक कार्य करने सभी सरपंचों को अपूर्ण निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस मौके पर सर्वाधिक पैरा दान करने वाले, सर्वाधिक गोबर खरीदी करने वाले तथा सर्वाधिक 100 दिवस रोजगार देंने वाले पंचायत को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत हरिशंकर चौहान, एपीओ मनरेगा के.के साहू, एसबीएम ज़िला समन्वयक मुरली कांत यदु, सीईओ पलारी रोहित नायक सहित अन्य समस्त अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### फ्लैगशिप योजनाओं का निरीक्षण करने कलेक्टर पहुंचे जिले के अंतिम छोर स्थित बल्दाकछार

# ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, महिलाओं को उपलब्ध कराया जाएगा रोजगार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 9 दिसंबर।** कलेक्टर रजत बंसल जिलें के अंतिम छोर स्थित कसडोल विकासखंड के अंर्तगत ग्राम बल्दाकछार पहुँचकर फ्लैगशिप योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम सुराजी के तहत गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, टाका निर्माण एवं उपलब्धता, बाड़ी एवं चारागाह के कार्य सहित आजीविका के गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने मुख्य मार्ग से गौठान तक डब्लूबीएम पहुंच मार्ग का निर्माण, गौठान में उद्यान बन रहा है उसे जल्द ही पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। गौठान में बहुत कम गोबर खरीदी होने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए है। गांव में पानी की समस्या को देखते हुए ग्रामीण जन ने बोर की मांग पर बोर खनन हेतु भी निर्देश दिए है। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत् गांव में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, जल जीवन मिशन से नये पानी टंकी निर्माण सहित आंगनबाड़ी में भी बोरवेल कराने एवं सामुदायिक वन अधिकार पट्टा प्रदाय के लिए परीक्षण करने के विस्तृत निर्देश एसडीएम, ऐसी ट्राइबल एवं वन विभाग के अधिकारियों को दिए है।

स्कूल पहुंच कर शिक्षको की कमी पूर्ण करने के दिए निर्देश लंबे समय से बल्दाकछार स्कूल में शिक्षकों की कमी को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल पूर्ति करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

कलेक्टर से मिलकर महिलाओं ने दिखाया रोजगार के लिए उत्सुकता बल्दाकछार में मूलतः आदिवासी विशेष पिछड़ी जनजाति कमारो का बहुल क्षेत्र है। जहां पर कमार महिलाएं कलेक्टर बंसल से मिलकर रोजगार की मांग की। जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए गांव की महिलाओं को स्वरोजगार के तहत प्रशिक्षण मुहैया कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए है। उनके लिए बेहतर कार्ययोजना क्या हो सकता है उसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर आने वाले समय सीमा बैठक में रखने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान डीएफओ मयंक अग्रवाल, कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, सीईओ हिमांशु वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ली जवानों का जनरल परेड

**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस लाइन बलौदाबाजार में समस्त पुलिस जवानों का जनरल परेड लिया गया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा परेड का मुख्य उद्देश्य है पुलिस जवानों में अनुशासन की भावना पैदा करना है। परेड के दौरान पुलिस जवानों को उच्च कोटि का टर्न आउट धारण करने के संबंध में विशेष रुप से हिदायत दिया गया। आगामी कानून व्यवस्था, लाइन आर्डर ड्यूटी को दृष्टिगत रखते हुए सजग रहकर ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को यातायात नियमों का सदैव पालन करने एवं सड़क सुरक्षा के लिए शपथ दिलाया गया। परेड में अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, सिद्धार्थ बघेल एसडीओपी भाटापारा, अमृत कुजुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रक्षित निरीक्षक विक्रम बघेल, सूबेदार अशोक गिरी सहित 100 की संख्या मे पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी सम्मिलित रहे।



- जनरल परेड के दौरान पुलिस जवानों को उच्च कोटि की वेशभूषा धारण करने के दिए गए निर्देश
- यातायात नियमों का पालन एवं सड़क सुरक्षा के लिए दिलाई शपथ

### प्रभा साहू एवं नरेंद्र वर्मा ने किया विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास को लेकर निरंतर जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगढ़ नरेंद्र वर्मा द्वारा निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं ग्राम तेली टोला के ग्रामीणों द्वारा दोनों ही जनप्रतिनिधि से विभिन्न निर्माण कार्यों की मांग किया गया था जिसे संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत टप्पा तेली टोला के गौटिया वार्ड में सीसी रोड निर्माण एवं, गांव के गौठान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आयोजन कराने हेतु सांस्कृतिक मंच निर्माण की मांग की गई थी जिसे स्वीकृति प्रदान कर आज समस्त ग्राम वासियों के साथ मिलकर भूमि पूजन कार्य कर निर्माण कार्यों की नींव रखी भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू, जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ग्राम पंचायत टप्पा की सरपंच इंदु बाई साहू उपसरपंच डीगेस वर्मा ग्राम पटेल भैरव साहू जी ग्राम प्रमुख घनश्याम ठाकुर, जगदीश साहू, भीखम यादव, तोरण वर्मा, तूकेश्वर साहू, भुनेश्वर ठाकुर, कीर्तन वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा, भूषण वर्मा, दयालु सिन्हा, शतरूपा साहू लोमस साहु पंचायत के सभी पंच पंचायत सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

### सोनाखान मैराथनः 300 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह से लगाई कुपोषण के खिलाफ दौड़



**बलौदाबाजार, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का सन्देश देने दु कदम सुपोषण के थीम पर जिला प्रशासन द्वारा आज शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि सोनाखान में सोनाखान मैराथन 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें 341प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवाओं से लेकर बच्चे एवं महिलाओं ने बड़े उत्साह से इस मैराथन में शामिल हुए। यह दौड़ शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक के मुख्य द्वार से सुबह 08 बजे से प्रारम्भ होकर 10 किलोमीटर तक प्राकृतिक वातावरण में जंगल के रास्ते से होते हुए समाप्त हुआ। मैराथन में प्रथम-भोजराम साहू द्वितीय- सुनील साहू तृतीय- कुंज राम ध्रुव को प्राप्त हुआ। गौरतलब है की मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को भी गरम भोजन से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिले में 12 हजार से अधिक एनिमिक महिलाओं को गरम भोजन दिया जा रहा है। इस प्रकार योजना से लाभान्वित होने वाली अन्य गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण स्तर में नियमित सुधार हो रहा हैं।

### भेंट-मुलाकात में कालेज छात्रों की बातों को सीएम ने किया अनसुना, नाराज हुए छात्र



**छुरा, 9 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड में माननीय मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल जी का भेट मुलाकात कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के लगभग 950 नियमित छात्रा छात्राओं द्वारा मांग को लेकर मुख्यमंत्री जी को आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें अंग्रेजी साहित्य में स्नातक, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन शास्त्र, भौतिकी, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, वाणिज्य, हिंदी, अर्थशास्त्र, विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के संचालन, अतिरिक्त कक्ष हेतु भवन निर्माण, ऑडीटोरियम, रिक्त पदों की भर्ती, नए पद सृजन ग्रंथालय प्रभारी, क्रीड़ा प्रभारी। मुख्यमंत्री द्वारा विद्यार्थियो के बातों पर ध्यान नहीं दिया गया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने से यहां के कई छात्र-छात्राएं छुरा में कॉलेज पढ़ाई के बाद आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते क्योंकि आगे पढ़ाई की सुविधा छुरा विकासखंड में नहीं होने के कारण। इससे छात्र-छात्राओं में मुख्यमंत्री के प्रति नाराजगी जताई।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23